www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 280 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
05 जनवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:56
सूर्यास्तः 05:27
अधिकतमः 16°00
न्यूनतमः 09°00



पेज 07

विशेष समाचार | एक दिन कलयुग आयेगा... >> पेज 04 | संभल में 2 मस्जिदें, एक... >> पेज 06 | नूपुर सेनन ने की बॉयफ्रेंड ...

# बनारस में जोश हाई रहेगा : मोदी

## जेन जी के हाथों में तिरंगा देख गर्व होता है, वर्चुअली चैंपियनशिप का उद्घाटन किया

**उद्घाटन**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी में 72वीं नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्लेयर्स को काशी की कहावत सुनाई। कहा- हमारे बनारस में कहा जाता है, 'बनारस के जानय के चाहत हऊवै तो बनारस आवै के पड़ी।' यानी, बनारस को जानना है तो आपको बनारस आना पड़ेगा। आप सब अब बनारस आ गए हैं, तो बनारस को जान भी जाएंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)



### पीएम का भोजपुरिया अंदाज, कहा- बनारस के जानय के चाहत हऊवै तो

PM मोदी ने कहा- आज यहां देश के 28 राज्यों की टीमें जुटी हैं। आप सब एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बहुत सुंदर तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। हमारे बनारस में कहा जाता है- बनारस के जानय के चाहत हऊवै तो बनारस आवै के पड़ी... आप सब अब बनारस आ गए हैं, तो बनारस को जान भी जाएंगे। हमारा बनारस खेल प्रेमियों का शहर है।

### मोदी बोले- जेन जी तिरंगा फहराते देख गर्व होता है

PM मोदी ने कहा- वॉलीबॉल साधारण खेल नहीं है। नेट के इस पार-उस पार दोनों तरफ संतुलन और सहयोग का खेल है। इस खेल में संकल्प शक्ति भी दिखती है। हम तभी सफल होते हैं, जब अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाते हैं। हमारा देश भी इसी से आगे बढ़ रहा है। स्वच्छता से डिजिटल पेमेंट, एक पेड़ मां के नाम से लेकर विकसित भारत के निर्माण तक हम देश के लिए काम कर रहे हैं। भारत की ग्रोथ और हमारी इकोनॉमी की प्रशंसा हो रही है। यह आत्मविश्वास खेल के मैदान में भी दिखता है। हम साल 2014 के बाद से देख रहे हैं कि अलग-अलग खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बढ़ रहा है। हमें बहुत गर्व होता है, जब Gen Z को खेल के मैदान में तिरंगा फहराते देखते हैं। एक समय था जब खेलों को लेकर सरकार में उदासीनता का भाव था। इसलिए खिलाड़ियों में भी अपने भविष्य को लेकर आशंका रहती थी।



सीएम योगी ने सिगरा स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने साईं सेंटर और स्टेडियम के मॉडल को देखा। इसके बाद शूटिंग रेंज पहुंचे, जहां बच्चों से बातचीत की।

### चैंपियनशिप में बनारस का जोश हाई रहेगा

PM मोदी ने कहा- बनारस में कुश्ती, अखाड़े, नौका दौड़, कबड्डी जैसे कई खेल मशहूर हैं। बनारस ने कई राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। बीएचयू, यूपी कॉलेज, काशी विद्यापीठ जैसी संस्थाओं के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छाए रहे हैं। मुझे विश्वास है कि नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में बनारस का जोश हाई रहेगा। आप सभी खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाने वाले दर्शक मिलेंगे। काशी की आतिथ्य परंपरा को जीने का अवसर भी मिलेगा।

### योगी ने कहा- 11 साल में सबने एक नए भारत को देखा

> योगी ने कहा- 11 साल में सबने एक नए भारत को देखा है। भारत को बदलते देखा। पीएम मोदी ने विजन से आज हर भारतवासी उसका लाभ ले रहा। समाज के अंतिम पायदान पर भी खड़ा व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ ले रहा।
> हर भारतवासी ने 11 साल के अंदर एक नई खेल संस्कृति को पनपते देखा है। 2014 में पीएम मोदी ने 'खेलो इंडिया' की शुरुआत की। खेल अब समय बर्बादी का नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का अभिन्न हिस्सा है।



### योगी बोले- आज गांव से शहर तक खेल को बढ़ावा दिया जा रहा

योगी ने कहा- आज खेल की इस नई संस्कृति में खेलो इंडिया खेला, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेलकूद प्रतियोगिता चल रही है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से आज गांव से शहर तक खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में 43 वर्ष बाद यह सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप वाराणसी नगर निगम की ओर से कराया जा रहा है।

### डिप्टी सीएम बोले- 43 साल बाद यूपी में नेशनल वॉलीबाल हो रही है

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- हमें हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। प्रदेश सरकार ने खेल के बजट का बढ़ाया है। मेजर ध्यानचंद के नाम से मेरठ में यूनिवर्सिटी बनकर तैयार हो रही है। प्रदेश सरकार में नौकरियां मिल रही हैं। खिलाड़ी तहसीलदार, डीएसपी बन रहे हैं। वॉलीबाल तो हमारे गांव-घर का खेल है। 1982 के बाद यूपी में पहली बार नेशनल प्रतियोगिता हो रही है।

### मोदी ने हर-हर महादेव के साथ भाषण की शुरुआत की

PM मोदी ने हर-हर महादेव के साथ भाषण की शुरुआत की। फिर कहा- देशभर से आए सभी खिलाड़ी, काशी के मेरे परिवारजनों नमस्कार। आज काशी के सांसद के नाते आप सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी है। पीएम ने कहा- आज से काशी में नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप का शुभारंभ हो रहा है। आप सभी खिलाड़ी बहुत मेहनत के बाद नेशनल लेवल पर पहुंचे हैं। आपने मेहनत की है, आने वाले दिनों में काशी के मैदान पर उसकी परीक्षा होगी। सीएम योगी ने सिगरा स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने साईं सेंटर और स्टेडियम के मॉडल को देखा। इसके बाद शूटिंग रेंज पहुंचे, जहां बच्चों से बातचीत की। नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह के दौरान मंच पर पहुंचे सीएम योगी को डिप्टी सीएम और महापौर अशोक तिवारी ने स्मृति चिह्न प्रदान किया।

# पैरोल : राम रहीम जेल से 15वीं बार आएगा बाहर

## डेरा मुखी को 40 दिन की पैरोल मिली

तमसा संकेत, एजेंसी

चंडीगढ़ । रोहतक की सुनारिया जेल में साध्वियों के यौन उत्पीड़न और पत्रकार हत्या के मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर 40 दिन की पैरोल मिल गई है।

इस दौरान राम रहीम डेरा सच्चा सौदा हेडक्वार्टर सिरसा में रहेगा। राम रहीम अभी अपनी दो साथी साध्वियों के साथ रेप के जुर्म में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है।

अगस्त 2017 में रेप केस में दोषी ठहराए जाने के बाद गुरमीत राम रहीम सिंह इस बार 15वीं बार जेल से बाहर आएगा।

इससे पहले 15 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाने के लिए राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आया था।



**साध्वियों के यौन शोषण-मर्डर केस में कैद काट रहा**

25 अगस्त 2017 को 2 साध्वियों के यौन शोषण केस में राम रहीम को 20 साल कैद हुई।

>> (शेष पेज 06 पर)

# दिल्ली ब्लास्ट : हर आतंकी डॉक्टर के पास थी घोस्ट सिम

## फिजिकल सिम के बिना मैसेजिंग ऐप्स चलाए

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली में 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास हुए ब्लास्ट से जुड़े व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल के आतंकी डॉक्टरों ने घोस्ट सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था। इसके जरिए वे पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ कोऑर्डिनेट करते थे।

PTI की एक रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि आतंकी सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए डुअल-फोन प्रोटोकॉल फॉलो कर रहे थे। हर आरोपी के पास दो से तीन मोबाइल थे। शक से बचने के लिए इनके नाम पर रजिस्टर्ड एक क्लीन फोन होता था। दूसरा टेरर फोन था जिसके जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ वॉट्सऐप और टेलीग्राम पर बात करते थे।



**खुलासे के बाद ही लागू हुआ एक्टिव सिम का नियम**

डिवाइस में फिजिकल सिम के बिना मैसेजिंग ऐप्स चलाने की सुविधा का फायदा उठाकर ही ये लोग डॉक्टरों को यूट्यूब के जरिए IED बनाना सिखाते और हमले का निर्देश दे रहे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### कर्नाटक में 13 साल की नाबालिग से गैंगरेप

बेंगलुरु । कर्नाटक के हुबली में 13 साल की नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आया है। तीनों आरोपी भी नाबालिग हैं, वे पीड़ित के घर के पास ही रहते हैं। तीनों ने घटना को तब अंजाम दिया जब लड़की के माता-पिता घर से बाहर गए थे।

**ऐलान समारोह**

### आज से मिलेंगे गणतंत्र दिवस परेड-2026 के टिकट

नई दिल्ली । रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होने वाली परेड के लिए टिकटों की बिक्री का ऐलान कर दिया है। एक बयान के मुताबिक 77वें गणतंत्र दिवस की मुख्य परेड, बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल और मुख्य बीटिंग रिट्रीट समारोह के टिकटों की बिक्री 5 जनवरी से शुरू होगी।

बिक्री 14 जनवरी तक जारी रहेगी। टिकट रोज सुबह 9 बजे से तब तक खरीदे जा सकते हैं जब तक आवंटित कोटा खत्म नहीं हो जाता। टिकटों की कीमत 20 से 100 रुपए है।

### जयपुर-मुंबई एअर इंडिया फ्लाइट का फ्यूल लीक हुआ

जयपुर । राजस्थान के जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। एअर इंडिया की फ्लाइट AI-622 में फ्यूल लीकेज की वजह से टेकऑफ रोक दिया गया। यह फ्लाइट शाम 7:55 बजे जयपुर से मुंबई के लिए रवाना होने वाली थी और एयरक्राफ्ट रनवे की ओर बढ़ रहा था।

# ओडिशा के ढेंकनाल में पत्थर की खदान में चट्टान गिरी

## 2 मजदूरों की मौत, कई अब भी फंसे, ड्रिलिंग करते वक्त हुआ हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

ढेंकनाल । ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक पत्थर की खदान में चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। पुलिस के मुताबिक हादसा शनिवार शाम को हुआ, जब गोपालपुर गांव के पास बनी खदान में कुछ मजदूर ड्रिलिंग और पत्थर निकालने का काम कर रहे थे। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 2 मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि कुछ अभी भी फंसे हुए हैं।

रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे फायर सर्विस अधिकारी ने बताया कि फायर सर्विस टीमें, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स (ODRAF) की टीमें, डॉग स्क्वाड और बचाव अभियान में लगी मशीनों को इलाके में भेजा गया है।

ढेंकनाल कलेक्टर आशीष ईश्वर पाटिल ने बताया कि अब तक दो शव बरामद किए गए हैं। बचाव अभियान रविवार सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो अभी भी जारी है। >> (शेष पेज 06 पर)



**रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि खदान के पास विस्फोट करने की परमिशन नहीं थी। जिला खनन कार्यालय ने 8 सितंबर 2025 को पट्टाधारक को नोटिस जारी कर खदान बंद करने का निर्देश दिया था।**

### 20 साल बाद शिवसेना भवन पहुंचे राज ठाकरे, लोकतंत्र पर अब भीड़तंत्र का कब्जा :उद्धव

# 'बीजेपी वोट चुराने के बाद उम्मीदवार चुरा रही'

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई । शिवसेना UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि महायुति पहले वोट चुराती थी अब उम्मीदवार चुरा रही है। देश में ऐसा माहौल हो गया है जैसे लोकतंत्र पर भीड़तंत्र का कब्जा हो।

ये बातें उन्होंने शुक्रवार को महायुति के 68 उम्मीदवारों के निर्विरोध जीतने के मामले में कही। वहीं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे 20 साल बाद शिवसेना भवन पहुंचे जहां दोनों नेताओं ने पार्टी मेनिफेस्टो भी रिलीज किया।

वहीं, महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वर्ली में एक रैली में कहा कि हम बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें देश से बाहर निकालेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि देश की मुंबई को एक ऐसा मेयर मिले जो मराठी और हिंदू हो। शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को मांग की कि जिन नगर निगम चुनावों में उम्मीदवार निर्विरोध जीते हैं, उन्हें रद्द किया जाए और इन वार्डों में फिर से चुनाव शुरू किए जाएं।

>> (शेष पेज 06 पर)



शिवसेना भवन में उद्धव और राज ठकरे ने पार्टी मेनिफेस्टो रिलीज किया।

### सीएम बोले- मुंबईकर भाषा विवाद नहीं विकास चाहते हैं

फडणवीस ने भाषा विवाद की आलोचना करते हुए कहा कि कोई भी मुंबई को राज्य के बाकी हिस्सों से अलग नहीं कर सकता और मुंबईकर विकास चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव मुंबई और उसके लोगों के बारे में है, जो जाग गए हैं और प्रगति चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि जो लोग पहले BMC को नियंत्रित करते थे, उनकी निष्क्रियता के कारण हजारों मिल मजदूरों को शहर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**आदेश : एक्स पर महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें शेयर करने पर नियम सख्त**

# ग्रोक पर अश्लील कंटेंट बनाने पर अकाउंट बैन

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) ने अपने AI एप Grok पर बनाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। कंपनी ने कहा है कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा। साथ ही अगर कोई यूजर Grok का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक कंटेंट बनाता है तो उसके खिलाफ वही कार्रवाई होगी, जो सीधे अवैध कंटेंट अपलोड करने पर होती है। यानी कि यूजर्स का अकाउंटर हमेशा के लिए बैन कर दिया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### मस्क बोले थे- जिम्मेदारी टूल की नहीं, यूजर की

इससे पहले X के मालिक इलॉन मस्क ने शनिवार को कहा था कि कुछ लोग कह रहे हैं कि Grok आपत्तिजनक तस्वीरें बना रहा है, लेकिन यह ऐसे है जैसे किसी बुरी बात को लिखने के लिए पेन को दोष देना। कलम यह तय नहीं करती कि क्या लिखा जाएगा। यह काम उसे पकड़ने वाला करता है।

मस्क ने कहा कि Grok भी उसी तरह काम करता है। आपको क्या मिलेगा, यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आप उसमें क्या इनपुट देते हैं। क्योंकि जिम्मेदारी टूल की नहीं, उसे इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की होती है।




### शिवसेना की सांसद ने उठाया था मुद्दा

शिवसेना (UBT) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को AI चैटबोट Grok के गलत इस्तेमाल पर आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव को लेटर लिखा था। सोशल मीडिया खासकर X पर, AI के Grok फीचर का गलत इस्तेमाल हो रहा है। कुछ पुरुष फर्जी अकाउंट बनाकर महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं और AI से कपड़े छोटे दिखाने या तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने को कह रहे हैं। यह सिर्फ फेक अकाउंट तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है जो खुद अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं। यह बहुत गलत है और AI का गंभीर दुरुपयोग है।

### महिलाओं की तस्वीरों को अश्लील तस्वीरों में बदला

दरअसल कुछ यूजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर फर्जी अकाउंट बनाते हैं। इन अकाउंट्स से वे महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट करते हैं। इसके बाद Grok AI को प्रॉम्प्ट दिया जाता है कि महिलाओं की फोटो को गलत और आपत्तिजनक रूप में दिखाया जाए।

AI से कपड़े बदलने या तस्वीर को सेक्शुअल अंदाज में पेश करने जैसी प्रॉम्प्ट दिए जाते हैं। इन तस्वीरों के लिए महिलाओं से कोई अनुमति नहीं ली जाती। कई बार वे महिलाएं खुद भी नहीं जानतीं कि उनकी तस्वीरों का ऐसा इस्तेमाल हो रहा है।

# दुनिया में खून-खराबे के जिम्मेदार हम : आरिफ

## चौथे वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में बोले बिहार के राज्यपाल

तमसा संकेत, एजेंसी

जबलपुर । दुनिया में जारी खून-खराबे और हिंसा के लिए हम खुद काफी हद तक जिम्मेदार हैं। भारत के पास शांति और एकात्म का संदेश है, लेकिन हम उसे दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचा नहीं पाए। यह बात बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने जबलपुर में आयोजित चौथे वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को निंदनीय बताते हुए कहा कि यह मानव संवेदना और करुणा का मामला है।

इससे पहले राज्यपाल के आगमन पर मानस भवन में राम-राम भजन से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने मंचासीन संत कल्याणदास जी महाराज के चरण स्पर्श किए। राष्ट्रगान के बाद संतों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।



**बिहार के राज्यपाल बोले शांति का संदेश नहीं दे पाए इसलिए बढ़ी हिंसा**

राज्यपाल ने कहा कि पूरी दुनिया शांति चाहती है, लेकिन इतिहास बताता है कि हर दौर में इंसानी खून सस्ता समझा गया।

>> (शेष पेज 06 पर)

## दिन ढलने के कारण पुलिस ने लौटाया, गाना गाया था- चौकीदरवा कायर बा

# नेहा सिंह पहुंचीं कोतवाली

**नोटिस**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लोक गायिका नेहा सिंह राठौर शनिवार रात 9 बजे लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली बयान दर्ज कराने पहुंचीं। यहां करीब 2 घंटे रहीं, लेकिन पुलिस ने बिना बयान लिए ही उन्हें लौटा दिया। घर जाते समय नेहा ने कहा- पुलिस ने बताया है कि किसी महिला का बयान रात में दर्ज नहीं कर सकते।

ऐसे में उन्हें फिर से नोटिस देकर बुलाया जाएगा। जब भी नोटिस दिया जाएगा, तो हम बयान दर्ज कराने आएंगे। इससे पहले खबर आई थी कि बयान दर्ज कराने आईं नेहा सिंह राठौर को हिरासत में लिया गया है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा था- चौकीदरवा कायर बा...। इसके बाद वाराणसी और लखनऊ में उनके खिलाफ FIR दर्ज हुई थी। करीब 15 दिन पहले हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने उनको बयान देने के लिए नोटिस भेजा था। उस समय नेहा ने तबीयत का हवाला दिया था। शुक्रवार को फिर उनको नोटिस भेजा गया। इसके बाद शनिवार रात पति के साथ कोतवाली पहुंचीं।



नेहा राठौड़ अपने पति के साथ शनिवार रात 9 बजे लखनऊ में हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं थीं। रात होने के चलते पुलिस ने उनको वापस लौटा दिया।

> नेहा सिंह राठौर ने बताया- उन्होंने बयान के लिए जाने से पहले अपने वकील से बातचीत की थी। उसके बाद ही पुलिस के नोटिस पर कोतवाली पहुंची थीं। जानकारी हो कि नेहा सिंह राठौर ने 2025 में 4 मई को सुप्रीम कोर्ट के वकील कपिल सिब्बल से मिली थीं। उन्होंने उनके साथ तस्वीर साझा कर इसकी जानकारी भी दी थी।

### 4 लाख एफआईआर कराइए, डरूंगी नहीं

नेहा ने कहा था- इस वक्त मेरे साथ क्या और क्यों हो रहा है। मैं इस सरकार से सवाल पूछ रही हूं। लेकिन, सरकार के पास मेरे सवालों का कोई जवाब नहीं है। बदले में मुझे गालियां दिलवाई जा रही हैं। 400 शिकायतें नहीं 4 लाख FIR करवा दीजिए, आपसे नहीं डरूंगी।

### कानूनी विशेषज्ञ बोले- रात में पहुंचना सोची-समझी रणनीति

इस पूरे मामले पर हाईकोर्ट के वकील मोहित शर्मा ने कहा कि नेहा सिंह राठौर चर्चित चेहरा हैं। उन्हें यह जानकारी रही होगी कि शाम ढलने के बाद किसी महिला को न हिरासत में लिया जा सकता है और न ही उसका बयान हो सकता है। वकीलों से सलाह के बाद रणनीति के तहत नेहा सिंह राठौर रात करीब 9 बजे हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं।

### 2 समुदायों के बीच नफरत फैलाने का आरोप

22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले को लेकर नेहा ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट किए थे। सरकार पर सवाल उठाए थे। इन पोस्टों से आहत होकर अभय प्रताप सिंह ने हजरतगंज कोतवाली में नेहा के खिलाफ FIR दर्ज कराई थी। आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर दो समुदायों के बीच नफरत फैलाने और देश की अखंडता को तोड़ने वाली पोस्ट की है। अभय प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि नेहा सिंह राठौर की हरकतें सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और अशांति पैदा करने के उद्देश्य से की गई थीं। उन्होंने दावा किया कि राठौर की पोस्ट, जिन्हें पाकिस्तान में व्यापक रूप से शेयर किया गया, का इस्तेमाल पड़ोसी देश के मीडिया द्वारा भारत की आलोचना करने के लिए किया जा रहा था, जिससे देश की छवि को नुकसान पहुंच रहा था।

पुलिस ने बताया कि 12 मई को नेहा सिंह राठौर के गाने चौकीदरवा कायर बा... बेटियां किसानन खातिर बनल जनरल डायर बा... पर विवाद छिड़ा। आरोप लगा कि नेहा ने पीएम नरेंद्र मोदी को जनरल डायर कहा है।

# राज्य का पहला ब्रेल पुस्तकालय खुला

## दृष्टि दिव्यांगों को मिलेगा कंप्यूटर प्रशिक्षण

**डॉ.शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय ब्रेल पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो.संजीव सिंह।**



**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ के डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में प्रदेश के पहले राज्य विश्वविद्यालय स्तरीय ब्रेल पुस्तकालय का शुभारंभ हुआ। रविवार को मुख्य अतिथि कुलपति आचार्य संजय सिंह ने स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थापित इस मॉडर्न ब्रेल पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इससे पहले कुलपति ने विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस परिसर में ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति द्वारा दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों का हाथ पकड़कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि उन्हें आधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए।

**फास्ट न्यूज**

### छेड़छाड़ की एफआईआर कराने वाली कर्मचारी ट्रैक पर जख्मी मिली

लखनऊ/हरदोई। हरदोई में क्लर्क पर छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराने वाली आंगनबाड़ी की मुख्य सेविका लखनऊ में रेलवे ट्रैक के किनारे गंभीर हालत में मिली। वह 1 जनवरी को अपना बयान दर्ज कराने के लिए ट्रेन से लखनऊ जा रही थी। यात्रा के दौरान उसने दो बार अपनी मां से बात की, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। परेशान परिजन जब पुलिस के पास पहुंचे तो युवती की आखिरी लोकेशन काकोरी के रहमान खेड़ा के पास जंगल में मिली।

### पाइप लाइन में लीकेज-गंदा पानी दिखे तो तुरंत शिकायत करें

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग ने शहरवासियों से अपील की है कि पेयजल आपूर्ति से जुड़ी किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें और तुरंत सूचना दें। पाइपलाइन लीकेज, पाइप फटने और नलों में गंदा या मटमैला पानी आने की शिकायतें समय पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। इसके लिए कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। जलकल विभाग ने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, जिन पर फोन करके शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### लखनऊ के सोपान एन्क्लेव में अखंड रामायण पाठ

लखनऊ। लखनऊ में नववर्ष के अवसर पर सोपान एन्क्लेव वेलफेयर सोसाइटी में अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ । रामायण पाठ में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार को धार्मिक अनुष्ठान विधिवत रूप से शुरू हुआ, जिसका समापन रविवार को विशाल भंडारे के साथ हुआ। दो दिवसीय आयोजन में वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और जय श्रीराम के उद्घोष से परिसर गूंज उठा।

# 'गीता का संदेश साइकिल के संग' यात्रा आयोजित

## सनातन महापरिषद भारत ने स्वास्थ्य

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । सनातन महापरिषद भारत ने 'गीता का संदेश साइकिल के संग' नामक साइकिल यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन का संदेश देना और श्रीमद्भगवद्गीता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना था। यह यात्रा मेदांता हॉस्पिटल से शुरू होकर चारबाग में समाप्त हुई।आयोजन स्थल पर सुबह से ही उत्साह का माहौल था। बड़ी संख्या में साइकिल प्रेमी और सनातन विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ता भगवा ध्वज तथा गीता के संदेश लिखे बैनरों के साथ एकत्रित हुए।

अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर लगभग 50 साइकिलिस्टों को रैली के लिए रवाना किया। साइकिलिस्टों ने अनुशासन के साथ निर्धारित मार्ग पर यात्रा शुरू की, जिसका लोगों ने तालियों से स्वागत किया।अपने संबोधन में डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि साइकिल यात्रा के माध्यम से गीता का संदेश देना सराहनीय है। यह पहल स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के प्रति जागरूकता बढ़ाती है।

लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि गीता समाज को एकजुट करती है और जीवन को सही दिशा प्रदान करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गीता के प्रचार-प्रसार को दिए जा रहे प्रोत्साहन की भी सराहना की।इस साइकिल यात्रा का संयोजन और नेतृत्व सनातन महापरिषद भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी. एम. पांडेय ने किया।

### रिटायर्ड लांस नायक की मौत

लखनऊ। लखनऊ में मीटिंग अटेंड करने आए आर्मी के रिटायर्ड लांस नायक की एक होटल में मौत हो गई। वह सुबह बेसुध हालत में बेड पर मिले। साथियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हरदियापुर, प्रयागराज निवासी सुरेंद्र प्रताप पटेल (40) सेना से लांस नायक पद से रिटायर थे। 2020 में रिटायर होने के बाद उन्होंने एक आयुर्वेदिक कंपनी ज्वाइन की थी। जिसका शनिवार-रविवार को लखनऊ में द अवियन होटल में सेमिनार था। सेमिनार अटेंड करने वह अपने साथी के साथ लखनऊ आए थे। होटल में ही वह ठहरे हुए थे। शनिवार रात खाना खाने के बाद कमरे में चले गए। रविवार सुबह बेड पर बेसुध हालत में मिले। साथियों ने उन्हें काफी हिलाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला तो उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भाई सर्वेंद्र सिंह ने बताया लंबे समय से उनका हार्ट का इलाज चल रहा है।

## अपनी बहन-बेटियों और परिवार को देखकर आइने में अपनी आँखों से आँखें मिलाएं

# भाजपा को समर्थन देने वालों को अखिलेश यादव की चुनौती

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबे पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्यों में चल रही सरकारों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा समर्थकों से अपील की है कि अगर उनमें देशप्रेम, संवेदना और विवेक बचा है तो विभिन्न मुद्दों पर आत्मचिंतन करें और अपने परिवार की महिलाओं को ध्यान में रखकर फैसला लें। अखिलेश ने पोस्ट में भाजपा शासित राज्यों में हो रही घटनाओं की लंबी सूची गिनाई है, जिसमें महिलाओं पर अत्याचार, भ्रष्टाचार, प्रदूषण, साम्प्रदायिक तनाव और जनहित के मुद्दों पर सरकार की कथित विफलताएं शामिल हैं।



### अपने घर-परिवार के भविष्य के बारे में सोचें

कुछ और न समझ आए तो लोग हर काम में हो रहे महाघोटाले, भ्रष्टाचार, अपने घटते काम-कारोबार, व्यापार, दुकानदारी, अपने घरों के बेरोज़गारों की हताशा, आसपास के ज़हरीले पर्यावरण व नफ़रती-हिंसक सामाजिक वातावरण व साम्प्रदायिक उन्मादश, महिलाओं और पीडीए समाज के ख़िलाफ़ बेतहाशा हो रहे अत्याचारों, संघर्षरत किसान-मज़दूरों, ग़रीबों के बारे में भी सोचें। एक बार साम्प्रदायिकता का चश्मा उतारकर अपने घर-परिवार के भविष्य के बारे में सोचें।

**दुनिया में भारत की बिगड़ती छवि और उससे होनेवाली निवेश की हानि और विदेशों में देश की घटनाओं की प्रतिक्रिया, अपमान व देश से बाहर जाने की धमकी झेल रहे अपने भारतीय भाई-बहनों के बारे में भी सोचें।**

### हर राज्य की घटनाओं का किया जिक्र

अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में उत्तराखंड की अंकिता भंडारी का मामला उठाते हुए लिखा है कि उत्तराखंड की बेटी के लिए न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन हो रहे हैं। यूपी में जहरीले सिरप से मौतें और जीएसटी अधिकारी के घर से करोड़ों नकद बरामदगी, जबकि सरकार नोटबंदी और जीएसटी को कालेधन के खिलाफ बताती है। मध्य प्रदेश में जहरीले पानी से मौतें और दलितों पर अत्याचार, बाबासाहेब की तस्वीरें जलाई जा रही हैं। दिल्ली में गंभीर प्रदूषण से लोग सांस के लिए तरस रहे हैं। बिहार में शराबबंदी के बावजूद सीमांत थानों के महाभ्रष्टाचार से अवैध शराब धड़ल्ले से बिक रही है। और बिहार की बहन-बेटियों के बारे में अपशब्द कहनेवाले डबल इंजन के उत्तराखंड के ख़िलाफ़ कोई इंजन नहीं बोल रहा है।

# घरों में आ रहा गंदा पानी

## शिवपुरी कॉलोनी में पाइपलाइन में लीकेज, सड़क पर भरा पानी, 200 घरों में समस्या



पाइपलाइन में लीकेज के कारण सड़क पर पानी भर जाता है।



**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ के आचार्य नरेंद्र देव वार्ड में लोगों के घरों में गंदा पानी आ रहा। मामले में लोगों ने नगर निगम और मेयर सुषमा खर्कवाल से शिकायत की है। इसके साथ ही शिवपुरी कॉलोनी, इस्माइलगंज-II वार्ड में पेयजल पाइपलाइन में लीकेज से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लीकेज के चलते लगभग 200 मीटर लंबी सड़क पर पानी भर गया है, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह ने जलकल विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि खराब गुणवत्ता वाली मरम्मत के कारण कॉलोनी के लोग बार-बार इसी समस्या से जूझने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया। निवासियों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की केवल ऊपरी सतही मरम्मत के बजाय पूरी लाइन को बदलकर स्थायी समाधान किया जाए। लोगों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह सामूहिक रूप से अधिकारियों से मिलकर विरोध दर्ज कराएंगे। लोगों का कहना है कि आचार्य नरेंद्र देव वार्ड कंघी टोले के लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। पिछले दो साल से घर के नल में गंदे पानी की सप्लाई जारी है। जल कल विभाग की वसूली सभी घरों में जारी है, लेकिन गंदे पानी का संज्ञान लेने वाला कोई नहीं है। मामले में अंकुर बाथम ने कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी कोई एक्शन नहीं हुआ है।

### आए दिन लीकेज, स्थायी समाधान नहीं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां पाइपलाइन लीकेज की समस्या आए दिन सामने आती रहती है। उनका कहना है कि जलकल विभाग द्वारा की जा रही घटिया रिपेयरिंग की वजह से हर कुछ समय बाद पाइपलाइन दोबारा लीकेज हो जाती है। लोगों का कहना है कि लीकेज के कारण कॉलोनी की करीब 200 मीटर लंबी सड़क पर पानी भर गया है। इससे लोगों का पैदल निकलना तो दूर, दोपहिया वाहनों से गुजरना भी जोखिम भरा हो गया है। इसका कोई स्थायी समाधान नहीं मिला।

# रिटायर्ड होमगार्ड का खून से लथपथ शव मिला

## लाइसेंसी बंदूक से चिन में मारी गोली, सिर चीरते हुए निकली

**पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम हाउस पर परिजन पहुंचे।**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। लखनऊ में रिटायर्ड होमगार्ड का घर के हाते में खून से लथपथ शव मिला। पास में उनकी लाइसेंसी बंदूक मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। लाइसेंसी बंदूक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में सुसाइड की बात सामने आई है। घटना रविवार सुबह कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के कन्नौसी गांव में हुई। मृतक की पहचान 65 वर्षीय मदन गोपाल वर्मा के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि रविवार सुबह मदन गोपाल वर्मा अपनी 12 बोर की बंदूक लेकर निकले। सुबह करीब 10 बजे उनका घर के पीछे हाते में खून से लथपथ शव मिला। परिजनों ने इसकी पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि मदन गोपाल वर्मा लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इसकी वजह से वह एक साल से परेशान थे। इसी वजह से उन्होंने सुसाइड कर लिया। परिजनों ने बताया कि गोली मदन गोपाल वर्मा के ठुड्डी (चिन) में घुसकर सिर के पार हो गई थी। इससे साफ है कि उन्होंने ठुड्डी में सटाकर गोली मारी है। पुलिस ने जांच के लिए बंदूक को अपने कब्जे में ले लिया है। कृष्णा नगर के कन्नौसी गांव में मदन गोपाल वर्मा पत् राजेश्वरी वर्मा, बड़े बेटे अधिवक्ता अमित, छोटे बेटे आशीष कुमार वर्मा और एक बेटी है के साथ रहते थे। छोटा बेटा और बेटी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। बड़े बेटे अमित की शादी हो गई है। मदन गोपाल वर्मा होमगार्ड मुख्यालय से रिटायर्ड थे। अमित वर्मा की मानें तो मदन गोपाल वर्मा लंबे समय से बीमारी से पीड़ित थे।

**मांग :** नारा लगाया- 'नो डॉग्स, नो वोट', प्रदर्शनकारी बोले- कुत्तों को भी चाहिए आजादी

# स्ट्रीट डॉग्स के समसर्थन में प्रदर्शन

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में रविवार को पशु प्रेमियों ने इको गार्डन में प्रदर्शन किया। ह्यूमन चेन बनाकर डॉग्स के प्रति एकता का संदेश दिया। आगामी 7 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में स्ट्रीट डॉग्स को लेकर होने वाली सुनवाई में अपनी मांगें मंगवाने के लिए लोग इकट्ठा हुए। विभिन्न संस्थाओं से जुड़े सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र और आम नागरिक शामिल हुए। इस दौरान स्ट्रीट डॉग के समर्थन में लिखे हुए स्लोगन और नारे वाली तख्ती लेकर नारेबाजी की। हिस्ट्री डॉग्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए फैसले का विरोध किया। 'सुप्रीम कोर्ट ऑर्डर रद्द करो', 'No Dogs-No Vote', 'आवारा नहीं हमारा है' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा- सुप्रीम कोर्ट का स्ट्रीट डॉग को लेकर दिया गया आदेश बेहद अफसोसजनक है। हम लोग इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से बेजुबानों की आवाज बने हैं जो अपना दर्द कह नहीं सकते। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद विभिन्न शहरों में नगर निकाय की ओर से स्ट्रीट डॉग्स के साथ क्रूरता की जा रही है। अगर कहीं किसी घटना में एक स्ट्रीट डॉग बाइट कर लेता है तो वह सबको दिखता है। मगर हर दिन जो डॉग्स के साथ क्रूरता होती है वह नजर क्यों नहीं आता? कैरलाइन ने कहा- डॉग्स को हटाने का आदेश देना बिल्कुल भी प्रैक्टिकल नहीं है । बेजुबान जानवरों के साथ बर्बरता शर्मनाक। बचपन से ही हम जानवरों की देखभाल करते हैं और उनके लिए काम करते। सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि सभी डॉग्स को हटा दिया जाए। इस धरती पर जानवर इंसान सभी मिलकर रहते हैं। इसे प्रकृति का संतुलन बनता है। ईश्वर ने जो धरती बनाई है इसमें किसी से छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए। और भी कई जरूरी मुद्दे हैं जिस पर सरकार को कम करना चाहिए सुप्रीम कोर्ट को देखना चाहिए और कुत्तों की इस प्रकार के आदेश वापस लेना चाहिए।




### 'सीएनवीआर लागू किया जाए'

प्रदर्शन कर रहीं राखी किशोर ने कहा- प्रदर्शन करना उद्देश्य नहीं है बल्कि हम समस्या का समाधान चाहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय से गली के कुत्तों को स्थायी आश्रय देने संबंधी आदेश को वापस लेने की मांग है। ABC नियम 2001, के अनुसार पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रमों के लिए धन और दक्षता बढ़ाई जाए। रेबीज टीकाकरण को 100% सुरक्षित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए। स्ट्रीट डॉग्स के साथ सकारात्मक रवैया अपनाना चाहिए। हम लोगों ने पिछला आदेश आने के बाद पत्र लिखे पूरे भारत से 10 लाख से अधिक पत्र सुप्रीम कोर्ट को लिखे जा चुके हैं। CNVR सबसे अहम चीज है जो नहीं हो रहा है।

### 'जानवर और इंसान के बीच प्रकृति का संतुलन'

प्रदर्शन में शामिल डॉक्टर विशाखा ने कहा ये फैसला तानाशाही वाला है। जो चीज आपको नहीं चाहिए उसके खिलाफ फैसला दे दो यह मानवता और न्याय बिल्कुल भी नहीं है। यह फैसला पूरी तरीके से गलत है। इन बेजुबान जानवरों के साथ गलत हो रहा है इसलिए हम एक होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉग बाइट्स की वजह से आप इस तरीके का फैसला नहीं दे सकते। यह वैसे ही है कि एक्सीडेंट की वजह से सड़क पर गाड़ियां चलना बंद करवा दी जाएं। कुत्तों को हटाने का फैसला न तो इन डॉग्स के हित में है और न ही हम इंसानों के समर्थन में।

# 24 अंगूठियों के 2 बॉक्स लेकर भागा चोर, ग्राहक बनकर आया

## ज्वेलर से बोला- और दिखाइए, अंदर जाते ही चुराकर भागा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में ज्वेलरी की दुकान से एक चोर अंगूठियों के 2 बॉक्स लेकर भाग गया। इन बॉक्स में 24 अंगूठियां थीं। चोर ग्राहक बनकर आया था। उसने ज्वेलर से एक-एक करके 4 डिब्बे मंगवाए। इसके बाद भी बोला और कुछ दिखाइए। इस पर ज्वेलर सभी डिब्बे काउंटर पर छोड़कर दुकान के अंदर वाले कमरे में चला गया।

इसी बीच चोर कुर्सी से उठा। उसने काउंटर पर रखे डिब्बों में से 2 को खोल-खोलकर चेक किया। दोनों में सोने की छोटी-बड़ी अंगूठियां थीं। इसके बाद वह दोनों बॉक्स हाथों में लेकर भाग निकला। कुछ ही देर बाद ज्वेलर और डिब्बे लेकर दुकान के अंदर से बाहर आया, तब उसे चोरी का पता चला। मामला जानकीपुरम इलाके का है। पुलिस को सूचना दी, CCTV चेक कराए

जानकीपुरम इलाके में 60 फिटा रोड पर खुशी ज्वेलर्स है। यहां आज (रविवार) सुबह करीब 10:20 बजे चोरी हुई। एक युवक बाइक से ग्राहक बनकर पहुंचा। ज्वेलर से अंगूठी दिखाने के लिए बोला। इसके बाद पसंद न आने की बात कही। जब और अंगूठियां लेने के लिए ज्वेलर दुकान के अंदर गया, तभी मौका पाकर चोर दो डिब्बे लेकर भाग गया। उन डिब्बों में करीब 24 अंगूठियां रखी थीं।



मौके पर पहुंची पुलिस CCTV फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे कैमरों की भी जांच कर रही है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी का कहना है कि CCTV के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## कारगिल शहीद की स्मृति में विकसित हुआ पार्क, बाउंड्री वॉल निर्माण पूर्ण

# शहीद उदय प्रताप सिंह पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

**निर्माण**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। भीटी के जैतूपुर गांव में शनिवार को शहीद उदय प्रताप सिंह पार्क के बाउंड्री वॉल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉक्टर हरिओम पांडे ने विधिवत लोकार्पण कर पार्क को जनता को समर्पित किया। यह पार्क कारगिल युद्ध में शहीद हुए उदय प्रताप सिंह की स्मृति में विकसित किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम शहीद उदय प्रताप सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। इस मौके पर विधान परिषद



सदस्य डॉक्टर हरिओम पांडे ने कहा कि यह पार्क आने वाली पीढ़ियों को देश के लिए दिए गए बलिदान की याद दिलाएगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में पार्क परिसर में शहीद उदय प्रताप सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिससे उनकी स्मृति और अधिक स्थायी रूप ले सके। कार्यक्रम के दौरान यह भी कहा गया कि शहीदों की स्मृति से जुड़े स्थलों का संरक्षण और विकास समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यों से न केवल शहीदों को सम्मान मिलता है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति और कर्तव्यबोध की भावना भी मजबूत होती है। शहीद उदय प्रताप सिंह पार्क का विकास इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### कारगिल युद्ध में दिया था सर्वोच्च बलिदान

उदय प्रताप सिंह वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। 3 जनवरी 1999 को दुश्मन की गोली लगने से उनका निधन हुआ था। वे भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष राम बक्श सिंह के भाई थे। उनके बलिदान को सम्मान देते हुए शासन की ओर से उस समय महरुआ से रामपुर गिरंट जाने वाले मार्ग का नाम शहीद उदय प्रताप सिंह मार्ग रखा गया था। यह मार्ग आज भी उनके शौर्य और बलिदान की याद दिलाता है।



### पार्क को मिला नया स्वरूप

शहीद उदय प्रताप सिंह पार्क में बाउंड्री वॉल के निर्माण से परिसर सुरक्षित हुआ है। साथ ही सौंदर्यीकरण कार्य के अंतर्गत साफ-सफाई, हरियाली और बैठने की सुविधाओं को विकसित किया गया है। इससे ग्रामीणों को एक सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हुआ है। पार्क का उद्देश्य न केवल शहीद की स्मृति को संजोना है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए उपयोगी स्थान उपलब्ध कराना भी है।

> लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने पार्क के विकास कार्य को क्षेत्र के लिए उपयोगी बताया। उनका कहना था कि बाउंड्री वॉल बनने से पार्क की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है और सौंदर्यीकरण से वातावरण बेहतर हुआ है।

# ट्रकों से डीजल चोरी की बढ़ती वारदातें, ट्रक मालिकों में दहशत

## अकबरपुर थाना क्षेत्र के गोहन्ना बायपास स्थित मोरंग मंडी बना चोरों का निशाना

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद में ट्रकों से डीजल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार सामने आ रही वारदातों से ट्रक चालकों और वाहन मालिकों में दहशत का माहौल है। ताजा मामला अकबरपुर थाना क्षेत्र के गोहन्ना बायपास स्थित मोरंग मंडी का है, जहां बीते दिनों अज्ञात चोरों ने खड़े ट्रकों को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये का डीजल चोरी कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोरंग मंडी में खड़े अली असगर के ट्रेलर से करीब 20 हजार रुपये मूल्य का डीजल चोरी कर लिया गया। इसी दौरान पास में खड़ी अनिल तिवारी की गाड़ी से भी डीजल चुरा लिया गया। दोनों घटनाएं रात के समय की बताई जा रही हैं। जब वाहन मालिक सुबह मौके पर पहुंचे, तो ट्रकों के डीजल टैंक के ढक्कन



टूटे हुए मिले और टैंक खाली पाए गए। डीजल चोरी से वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। डीजल की कीमतों में वृद्धि के बीच इस तरह की वारदातें उनकी परेशानी और बढ़ा रही हैं। ट्रक मालिकों का कहना है कि एक ही इलाके में बार-बार घटनाएं होना पुलिस की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि चोरी की शिकायतें करने के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

### मंडी और बायपास क्षेत्र बना संवेदनशील

गोहन्ना बायपास और मोरंग मंडी क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही और रात्रि में ट्रकों की संख्या अधिक रहती है। चालक रात में ट्रकों को मंडी या सड़क किनारे खड़ा कर विश्राम करते हैं। इसी का फायदा उठाकर चोर सक्रिय हो गए हैं। वाहन मालिकों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी इसी क्षेत्र में कई ट्रकों से डीजल चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर ट्रक मालिकों ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि रात के समय पुलिस गश्त न के बराबर होती है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। वाहन मालिकों का कहना है।

**फास्ट न्यूज**

### अकबरपुर और कलेसर विद्युत उपकेंद्र बनेंगे मॉडल

अंबेडकरनगर। जनपद के अकबरपुर और कलेसर विद्युत उपकेंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इन दोनों उपकेंद्रों का चयन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लखनऊ के निदेशक (तकनीकी) कार्यालय द्वारा किया गया है। योजना के तहत उपकेंद्रों का कायाकल्प कर उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

### अकबरपुर के चनवा चौराहे पर सर्राफा बाजार में बड़ी चोरी

अंबेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र के दोस्तपुर मार्ग स्थित चनवा चौराहा शनिवार-रविवार की रात उस समय दहल उठा, जब अज्ञात चोरों ने सर्राफा बाजार की चार ज्वैलरी दुकानों में सेंध लगाई। सुबह स्थानीय लोग जब अपने रोजमर्रा के कामों के लिए निकले तो टूटी शटरें, बिखरे आभूषण और परेशान दुकानदार वारदात की गवाही दे रहे थे। शुरुआती अनुमान के अनुसार चोरी का माल लाखों रुपये का है। दुकानदारों ने बताया कि चनवा चौराहे पर स्थित सर्राफा दुकानों – साईं ज्वैलर्स, वैष्णव ज्वैलर्स, संजय ज्वैलर्स और महेश ज्वैलर्स – को सामान्य समय पर बंद किया गया था।

### विवादित वीडियो वायरल: प्रशासनिक अधिकारियों की कार्रवाई पर सवाल

अंबेडकर नगर। अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र के लोरपुर ताजन में एक वीडियो वायरल होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। वीडियो में प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यवाही को लेकर विवाद नजर आता है। वीडियो में देखा गया कि अधिकारियों ने एक पक्ष को बढ़ावा दिया जबकि दूसरे पक्ष को फटकार लगाई। यह पूरी घटना किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड की गई थी।

# स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा राज्य क्रिकेट टूर्नामेंट

## बक्सर ने छपरा को 26 रनों से हराया, गेंदबाजों का रहा दबदबा

- लक्ष्य का पीछा करते हुए छपरा की पारी लड़खड़ाई।
- अतिरिक्त रनों की रही अहम भूमिका।

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। अंबेडकर नगर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा राज्य क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन रविवार को एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें बक्सर की टीम ने छपरा को 26 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। मैच में दोनों ही टीमों का प्रदर्शन संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में बक्सर के गेंदबाजों ने बाजी मार ली। मैच के मुख्य अतिथि हाजी अकमल उर्फ जुगनू रहे, जो समाजसेवी और नगर



पालिका अकबरपुर के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी रह चुके हैं। उन्होंने मैदान पर पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इससे पहले उन्होंने स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन समिति की ओर से अतिथि का स्वागत किया गया। टॉस जीतकर बक्सर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। शुरुआत में टीम को नियमित अंतराल पर झटके लगते रहे। पूरी टीम 17.3 ओवर में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

# बाजार ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में चला विशेष स्वच्छता अभियान

## त्योहारों और माघ मेला को लेकर प्रशासन सतर्क, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में व्यापक सफाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। आगामी त्योहारों और माघ मेला को ध्यान में रखते हुए जनपद अम्बेडकरनगर में रविवार को व्यापक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में यह अभियान बाजार वाली ग्राम पंचायतों के साथ-साथ समस्त नगरीय निकायों में सुनियोजित ढंग से संपन्न हुआ। अभियान का उद्देश्य जनसुविधाओं को बेहतर बनाना और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना रहा। रविवार को जनपद की सभी बाजार वाली ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत बाजार क्षेत्रों में स्थित मुख्य मार्गों की



व्यापक साफ-सफाई कराई गई। सड़कों पर फैले कूड़ा-कचरे को हटाया गया और नालियों व खुले नालों की समुचित सफाई की गई। खड़ंजों और सार्वजनिक स्थलों पर जमी गंदगी हटाकर आवागमन को सुचारु बनाया गया। इसके साथ ही शासकीय भवनों के परिसरों की सफाई सुनिश्चित कराई गई। सड़क किनारे उगी झाड़ियों और अनावश्यक वनस्पतियों की कटाई-छंटाई कर मार्गों को सुरक्षित और सुलभ बनाया गया।

### नोडल अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

विशेष स्वच्छता अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया। नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्यों की गुणवत्ता का सत्यापन किया। अभियान की प्रगति और किए गए कार्यों के फोटोग्राफ संबंधित विभागीय ग्रुप में साझा किए गए, जिससे निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सका।



### नगरीय निकायों में मलिन बस्तियों पर विशेष फोकस

ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ जनपद के सभी नगरीय निकायों में भी रविवार को प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक मलिन बस्तियों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। और नगर पंचायत के सभी वार्डों में पूर्व से नामित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में व्यापक सफाई कराई गई। अभियान के दौरान पार्कों, पूजा स्थलों, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड, सार्वजनिक मार्गों और शासकीय कार्यालयों की विशेष सफाई की गई। नोडल अधिकारियों ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर सफाई कार्यों का सघन पर्यवेक्षण किया।

### फर्जी मुकदमे के विरोध में ग्राम प्रधानों का प्रदर्शन

अम्बेडकर नगर। रामनगर विकासखंड की अशरफाबाद ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान सरिता कनौजिया और उनके प्रतिनिधि अनिल कनौजिया के विरुद्ध जहांगीरगंज थाने में दर्ज मुकदमे को लेकर ग्राम प्रधानों में भारी नाराजगी देखने को मिली। गैर इरादतन हत्या और गाली-गलौज की धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद बुधवार को रामनगर विकासखंड के अधिकांश ग्राम प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष मनीष यादव के नेतृत्व में आलापुर तहसील परिसर पहुंचे और प्रदर्शन किया। प्रधानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मुकदमे को फर्जी बताते हुए उसे स्पंज करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ग्राम प्रधानों और उनके प्रतिनिधियों ने तहसील परिसर में नारेबाजी कर जहांगीरगंज पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पुलिस ने जानबूझकर तहरीर में बदलाव कर ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधि को मुकदमे में फंसाया है। इस कार्रवाई से ग्राम प्रधानों में जबरदस्त आक्रोश है।

# ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

## भस्मा में सावित्रीबाई फुले जन्मदिवस पर नारी संघ का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जनपद अम्बेडकर नगर के विकासखंड जलालपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भस्मा में जन शिक्षण केंद्र के तत्वावधान में संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत सावित्री बाई फुले नारी संघ द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर सहभोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद सावित्रीबाई फुले जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंज उठा। स्वागत गीत नारी संघ परिवार की सदस्य नैना ने प्रस्तुत किया, जिसने कार्यक्रम को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया। जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल ने सावित्रीबाई



- दीप प्रज्वलन और नारेबाजी से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ।
- सावित्रीबाई फुले के संघर्ष और योगदान पर प्रकाश।

फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह भारतीय इतिहास की एक असाधारण महिला थीं, जिन्होंने महिलाओं और दलित समुदाय के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि नारी संघ की महिलाओं को भी इसी तरह संघर्ष कर अपने अधिकारों को प्राप्त करना चाहिए। सामुदायिक कार्यकर्ता रामहित ने सावित्रीबाई फुले के जीवन प्रसंगों को साझा करते हुए बताया कि उनका जन्म 1831 में महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ था। उन्होंने कहा कि सामाजिक भेदभाव और विरोध के बावजूद सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को सशक्तिकरण का माध्यम बनाया। वर्ष 1848 में उन्होंने ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर बालिकाओं के लिए पहला विद्यालय स्थापित किया, जो उस समय एक क्रांतिकारी कदम था उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते समय उन्हें सामाजिक विरोध, अपमान और हिंसा का सामना करना पड़ा, लेकिन उनका संकल्प अडिग रहा। उन्होंने दलित और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के उत्थान के लिए भी कार्य किया तथा गर्भवती बलात्कार पीड़िताओं के लिए आश्रय गृह और अनाथालय की स्थापना में योगदान दिया। साथ ही उन्होंने अपनी कविताओं और लेखन के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया।

## पुण्यतिथि अवसर पर ठंड से राहत के लिए चलाया गया वितरण अभियान

# परम फाउंडेशन ने उमरपुर में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

- सामाजिक सहभागिता से संपन्न हुआ कार्यक्रम।
- उमरपुर गांव में किया गया आयोजन।

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जनपद में बढ़ती ठंड के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को परम फाउंडेशन की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अकबरपुर ब्लॉक के उमरपुर ग्राम में आयोजित हुआ, परम फाउंडेशन द्वारा यह वितरण अभियान संस्था के सक्रिय सदस्य अमन तिवारी के बाबा स्वर्गीय लालमणि तिवारी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया।



### शहर और गांव दोनों क्षेत्रों में वितरण

उमरपुर ग्राम के साथ-साथ संस्था से जुड़े लोगों ने नगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भी बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। सड़क किनारे, अस्थायी ठिकानों और सार्वजनिक स्थलों पर रहने वाले लोगों तक पहुंचकर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया।

कंबल वितरण कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर कई लोग शामिल रहे। पूर्व प्रधान पिंटू गुप्ता, अंग्रेजी प्रवक्ता आर एस उपाध्याय, निवर्तमान बैंक प्रबंधक बीके श्रीवास्तव, बृजेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान सुनील श्रीवास्तव और धीरेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य सहयोगियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### ग्रामीण क्षेत्र में ठंड से राहत पर फोकस

कंबल वितरण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में ठंड के प्रकोप से प्रभावित लोगों को राहत देना रहा। संस्था की ओर से बताया गया कि सर्द मौसम में खुले या कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों के लिए यह सहायता महत्वपूर्ण है।

### संस्था की नियमित गतिविधियों का हिस्सा

परम फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि इस तरह के राहत और सेवा कार्य संस्था की नियमित गतिविधियों का हिस्सा हैं। ठंड, गर्मी या आपदा की स्थिति में जरूरतमंदों की सहायता के लिए संस्था समय-समय पर अभियान चलाती है। कंबल वितरण भी इसी क्रम में आयोजित किया गया, ताकि सर्दी के मौसम में कमजोर वर्ग को राहत मिल सके। स्थानीय स्तर पर संस्था के इस प्रयास की सराहना की गई और आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई गई।

## आरोप : वायरल वीडियो से मचा हड़कंप, पुलिस अधीक्षक ने लिया संज्ञान

# बरामद बाइक देने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप, दीवान निलंबित

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जनपद में पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। चोरी गई बाइक की बरामदगी के बाद उसे सुपुर्द करने के नाम पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। आरोपों से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीवान को निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। आरोप है कि चोरी गई बाइक बाद में इल्तिफातगंज थाना क्षेत्र में बरामद कर ली




गई। इसके बावजूद पीड़ित को बाइक सुपुर्द नहीं की गई। पीड़ित का कहना है कि जब उसने बाइक लेने की बात की तो दीवान द्वारा उससे 15 हजार रुपये की मांग की गई। आरोप है कि बिना पैसे दिए बाइक न देने का दबाव बनाया जा रहा था। मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस अधीक्षक ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया। प्रारंभिक जांच में आरोपों को गंभीर मानते हुए आरोपी दीवान धर्मेंद्र सरोज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही पूरे प्रकरण की विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच में यह देखा जाएगा कि बाइक की बरामदगी के बाद सुपुर्दगी में देरी क्यों हुई और क्या वास्तव में अवैध धन की मांग की गई थी।

> *पीड़ित का कहना है कि बाइक बरामद होने के बावजूद उससे अवैध वसूली का दबाव बनाया गया। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहा और कई बार थाने के चक्कर लगाने को मजबूर हुआ। पीड़ित का आरोप है कि यदि वीडियो सामने न आता तो उसे न्याय मिलना मुश्किल हो जाता।*

### दो माह पूर्व इल्तिफातगंज क्षेत्र से हुई थी बाइक चोरी

जानकारी के अनुसार अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के जौहरडीह गांव निवासी युवक की बाइक करीब दो माह पूर्व चोरी हो गई थी। घटना के बाद पीड़ित ने नियमानुसार ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। मामला अकबरपुर कोतवाली के हल्का नंबर–4 से संबंधित था, जिसकी विवेचना दीवान धर्मेंद्र सरोज को सौंपी गई थी। पीड़ित का कहना है कि उसने लगातार पुलिस से संपर्क कर कार्रवाई की जानकारी ली, लेकिन संतोषजनक प्रगति नहीं बताई गई।

### रिश्वत मांगने का वीडियो हुआ वायरल

इसी दौरान रिश्वत मांगने से जुड़ा एक वीडियो किसी व्यक्ति द्वारा रिकॉर्ड कर लिया गया। यह वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर वीडियो तेजी से प्रसारित होने लगा, जिससे मामला चर्चा में आ गया और विभाग की छवि को लेकर भी सवाल खड़े हुए।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया डॉ निर्मल खत्री का 75वां जन्मदिन

## ईमानदार और संघर्षशील राजनेता हैं डॉ निर्मल खत्री: डॉ सतीश चन्द्र प्रजापति

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री का 75वां जन्मदिन सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके राजनीतिक जीवन, संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण पर विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ सतीश चन्द्र प्रजापति ने की, जबकि संचालन युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हेमंत यादव ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ सतीश चन्द्र प्रजापति ने कहा कि डॉ निर्मल खत्री सादगी, सरलता और विनम्रता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत और युवाओं के मार्गदर्शक रहे हैं। उनका



राजनीतिक जीवन ईमानदारी और संघर्ष का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि संगठन में ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तक का सफर डॉ निर्मल खत्री ने कर्तव्यनिष्ठा और कर्मठता के बल पर तय किया। डॉ सतीश चन्द्र प्रजापति ने कहा कि डॉ निर्मल खत्री ने जिस भी पद पर रहते हुए जिम्मेदारी संभाली, उसका कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जनहित से जुड़े मुद्दों को सदैव प्राथमिकता दी। उनका व्यवहार सभी वर्गों के लिए समान रहा, यही कारण है कि वे कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच लोकप्रिय रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने डॉ निर्मल खत्री के राजनीतिक सफर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे वर्ष 1980 में विधानसभा चुनाव जीतकर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री बने। इसके बाद 1989 और 2009 में फैजाबाद लोकसभा सीट से जनता ने उन्हें सांसद चुना। वक्ताओं ने कहा कि उनकी सज्जनता, कर्मठता और जनसेवा की भावना के कारण उन्हें जनता का लगातार समर्थन मिला। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सैयद मेराजुद्दीन किछौछवी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव और मनरेगा बचाओ संग्राम के कोआर्डिनेटर अमित जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल उर्फ छोटू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत यादव, मो हाजी सलीम, रितेश तिवारी और पवन वर्मा ने कहा कि डॉ निर्मल खत्री का राजनीतिक जीवन अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती का उदाहरण है।

# सम्पादकीय

## ट्रंप की दादागीरी



अमेरिकी सेनाएं वेनेजुएला पर हमला करके वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी समेत जिस तरह उठा लाईं, वह राष्ट्रपति ट्रंप की मनमानी की पराकाष्ठा है। ट्रंप ने सैन्य एवं आर्थिक शक्ति के मामले में अमेरिका के मुकाबले कहीं अधिक कमजोर देश में दादागीरी दिखाकर यही साबित किया कि उनका जोर दुर्बल देशों पर ही चलता है।

उन्होंने यह आरोप लगाकर वेनेजुएला पर हमला किया कि वहां से अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी हो रही थी और निकोलस मादुरो की दमनकारी नीतियों से इस देश के लोग अवैध तरीके से उनके यहां आ रहे थे। यह एक बहाना ही अधिक है, क्योंकि अमेरिका में न तो नशीले पदार्थ केवल वेनेजुएला से आते हैं और न ही वहां के लोग।

यह भी ध्यान रहे कि ट्रंप ने इसके प्रमाण नहीं दिए कि वेनेजुएला के अपराधियों के गिरोह मादुरो की शह पर अमेरिका के खिलाफ आतंकियों की तरह काम कर रहे थे। इस बारे में मादुरो ने ट्रंप से वार्ता का प्रस्ताव भी रखा था, पर उन्होंने उसकी अनदेखी कर दी। ऐसे में यही लगता है कि ट्रंप इससे चिढ़े हुए थे कि सबसे अधिक तेल भंडार वाले देश का राष्ट्रपति उनके मनमाने रवैये के समक्ष झुकने को तैयार नहीं था। अमेरिका और वेनुजएला के संबंध तबसे बिगड़े, जब वहां वामपंथी रुझान वाले शासक सत्ता में आए और उन्होंने कच्चे तेल और खनिज के स्रोतों का राष्ट्रीयकरण करना शुरू किया। इससे अमेरिकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला से बाहर होना पड़ा। ट्रंप मादुरो से इसलिए और भी खार खाए हुए थे, क्योंकि उन्होंने रूस और चीन से संबंध प्रगाढ़ कर लिए थे। चूंकि ट्रंप का रूस और चीन पर जोर नहीं, इसलिए उन्होंने वेनेजुएला को निशाना बना लिया। यह सही है कि निकोलस मादुरो चुनावों में धांधली करके सत्ता में आए और एक तरह से तानाशाही शासन चला रहे थे, लेकिन क्या वे ऐसे इकलौते शासक हैं?

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ट्रंप किस्म-किस्म के तानाशाहों और यहां तक सीरिया में काबिज हुए आतंकी सरगना को भी गले लगा रहे हैं। वे पाकिस्तान के अघोषित तानाशाह आसिम मुनीर की भी पीठ थपथपा रहे हैं और वह भी इसके बावजूद कि वे आतंकी संगठनों को पाल रहे हैं। पाकिस्तान अमेरिका को धोखा तो देता ही रहा है, वह उन देशों में भी प्रमुख है, जहां से बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी होती है।

यह तस्करी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी की शह से होती है, लेकिन ट्रंप की नजर में पाकिस्तान महान देश है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद बेलगाम होकर विश्व व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर रहे ट्रंप अपने साथ अमेरिका की भी फजीहत करा रहे हैं। वेनेजुएला पर हमला करके उन्होंने बची-खुची नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अराजकता की ओर धकेल दिया है।

## इस्लामिक विश्वास में महिलाओं की स्वतंत्रता: सिद्धांत, भ्रांतियाँ और आगे का मार्ग

भारत ही नहीं, दुनिया के लगभग सभी देशों में इस्लाम का लगभग एक जैसा ही स्वरूप देखने को मिलता है। हालांकि कुछ देशों ने आधुनिकता के साथ इस्लाम को जोड़ दिया है लेकिन डर वहां भी है। पुरातनपंथी वहां भी हावी है। इस्लाम में खास कर महिलाओं की स्वतंत्रता को लेकर होने वाला बहस अक्सर रूढ़ियों, सांस्कृतिक आदतों और राजनीतिक शोर से प्रभावित रहती है। बहुत-से लोग यह नहीं जानते कि धर्म की वास्तव मर्यादा क्या है और वह क्या सिखाता है। इस्लाम में स्त्रियों के मामले में जब हम सीधे इस्लामी स्रोतों को देखते हैं, तो अधिक स्पष्ट तस्वीर सामने आती है - इस्लाम ने ऐसे समय में महिलाओं को मजबूत अधिकार दिए, जब उनके पास लगभग कोई अधिकार नहीं थे। क़ुरान के अवतरण के समय अरब समाज में महिलाओं को बहुत कम सुरक्षा प्राप्त थी। कुछ को विरासत से वंचित रखा जाता था, या संपत्ति की तरह माना जाता था। इस्लाम ने इन प्रथाओं को तोड़ते हुए यह सिखाया कि पुरुष और महिला एक ही आत्मा से उत्पन्न हुए हैं और आध्यात्मिक रूप से समान मूल्य रखते हैं। यही सिद्धांत पारिवारिक जीवन, शिक्षा और समाज में महिलाओं के अधिकारों की नींव बनी। विवाह के समय महिला को महर (दहेज नहीं) दिया जाता है जो उसकी निजी संपत्ति होती है और उसे अपने धन से घर का खर्च चलाने की कोई बाध्यता नहीं है। यह जिम्मेदारी पूरी तरह पति की होती है। यह आर्थिक स्वायत्तता उसकी स्वतंत्रता की रक्षा करती है और यह सुनिश्चित करती है कि वह आर्थिक मजबूरी के कारण किसी अत्याचारी या अवांछित संबंध में रहने के लिए विवश न हो। इस्लाम में महिलाओं के लिए शिक्षा का अधिकार केवल एक सामाजिक सुविधा नहीं, बल्कि एक धार्मिक कर्तव्य है। पैग़म्बर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने ज्ञान की प्राप्ति को हर मुसलमान-स्त्री और पुरुष दोनों, के लिए अनिवार्य बताया। इतिहास में अनेक मुस्लिम महिलाओं के उदाहरण मिलते हैं जिन्होंने इस स्वतंत्रता का उपयोग कर विद्वान, न्यायविद और शैक्षणिक संस्थानों की संस्थापक के रूप में योगदान दिया।

**गौतम चौधरी**

# एक दिन कलयुग आयेगा



> शायद इसीलिए सत्ता प्रतिष्ठान चुप है और बाकी कथित राष्ट्रभक्त शोर मचा रहे हैं। आप सबको समझना होगा कि जब कथा वाचक तथा कथित धर्म गुरु धर्म की व्याख्या को छोड़कर राजनीति की व्याख्या करने लगे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम करने लगे तो समाज में तनाव और वैमनस्य का बढ़ना आवश्यक है।

> अब आते हैं आईपीएल पर- आईपीएल एक निजी व्यावसायिक खेल लीग है जिसे बीसीसीआई संचालित करता है। यदि कोई खिलाड़ी बीसीसीआई द्वारा नीलामी के लिए पात्र घोषित है तो उसे खरीदना संवैधानिक और वैधानिक रूप से सही है। इसका मतलब यह हुआ की फिल्म अभिनेता शाहरुख खान ने संवैधानिक और कानूनी रूप से कुछ भी गलती नहीं किया। तो अब सवाल यह उठना है कि जब शाहरुख खान ने कुछ भी गलत नहीं किया तो वह गद्दार कैसे हुए?

जैसा कि हम सब जानते हैं कि भारत का संविधान नागरिकों को कानून, पेशा, विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। परंतु 2014 के बाद से एक नया चलन समाज में चल रहा है जिसे भावनात्मक राष्ट्रवाद कहा जाता है। इसमें तर्क, कानून और संस्थान के स्थान पर भावनाएं, पहचान और भीड़ का दबाव निर्णायक बनने लगता है। शाहरुख खान और आईपीएल की कोलकाता नाइट राइडर्स टीम से जुड़ा विवाद इसी टकराव का सीधा उदाहरण है। अब सवाल यह है कि इस बारे में संविधान क्या कहता है। संविधान का अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता की बात करता है जबकि अनुच्छेद 19 (1) जी ए- व्यापार और पेशा तय करने की स्वतंत्रता देता है । इसी का ए विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करता है।

तो इसका जवाब यह है कि इसका कारण है भावनात्मक राष्ट्रवाद। आप कहेंगे कि भावनात्मक राष्ट्रवाद क्या है? तो उसका जवाब यह है की देशभक्ति को क्रोध और संदेह से परिभाषित करना। भीड़ की भावना को कानून से ऊपर रखना जबकि संविधान और सुप्रीम कोर्ट बार-बार कह चुके हैं कि देशद्रोह केवल सरकार गिराने या हिंसक विद्रोह से जुड़ा अपराध है। किसी संगीत सोम के कहने से, किसी देवकीनंदन ठाकुर या अन्य किसी राजनीतिक व्यक्ति या संस्था के कहने मात्र से कोई देशद्रोही या गद्दार नहीं हो सकता। क्योंकि किसी विदेशी खिलाड़ी को खरीदना ना तो हिंसा है और ना ही सरकार का विरोध है और ना ही इससे राष्ट्र को कोई नुकसान हुआ है। ऐसे में मैं तो यही कहूंगा कि सार्वजनिक मंचों पर किसी को गद्दार या देश विरोधी कहने वाले दिमाग से अंधे हैं। क्योंकि यदि भावना ही न्याय बनेगी तो संविधान एकमात्र किताब बन कर रह जाएगी। वैसे भी अब हमारे तमाम भाई बंधु इस किताब को या तो खारिज कर चुके हैं या फिर खारिज करने का अभियान चला रहे हैं। हम सबको यह कतई नहीं भूलना चाहिए की खेल समाज का दर्पण है लेकिन जब खेल को राजनीति , धर्म और पहचान की लड़ाईयो में घसीटा जाता है तो वह एकता का माध्यम नहीं विभाजन का टूल बन जाता है। अब पुनः एक सवाल उठ खड़ा होता है कि खेल में राजनीति की एंट्री कैसे होती है? तो इसका जवाब यह है कि सोशल मीडिया, उत्तेजना राजनीतिक बयान बाजी तथा संस्थागत दबाव यानी ऐसे में निर्णय तर्क से नहीं बल्कि डर और शोर से होने लगते हैं। इसे हम भीड़ तंत्र भी कह सकते हैं। आज हमने खिलाड़ी को भी भीड़ के दबाव में हटाया है। कल किसी लेखक को हटाया जाएगा जो उनकी मर्जी का नहीं लिखेगा, फिर किसी पत्रकार को हटाया



जाएगा, प्रोफेसर को हटाया जाएगा, कलाकार को हटाया जाएगा यानि यह सिलसिला रुकने वाला नहीं क्योंकि भीड़ को संतुष्ट कर देना आसान नहीं होता। मैं तो कहता हूं कि अगर बांग्लादेश को उसकी औकात ही बतानी है, उसको हाशिये पर ही डालना है तो उसके साथ व्यापार बंद कीजिए, कूटनीति बंद कीजिए, शरण देना बंद कीजिए, जीने मरने में आना-जाना बंद कीजिए और अगर ऐसा नहीं कर सकते हैं तो गद्दारी का सर्टिफिकेट बांटने वालों की बोलती ही बंद कीजिए। क्योंकि अगर हर मैच राष्ट्रवाद की परीक्षा बन गया तो खेल मर जाएगा और खेल को राजनीति से बचाना राष्ट्र विरोध नहीं है और भीड़ के दबाव में झुकना लोकतंत्र की जीत नहीं बल्कि लोकतंत्र की हार है। रही बात असहमति और विविधता की तो यह भारत की ताकत है क्योंकि राष्ट्र कानून से मजबूत बनता है न कि शोर, गुस्से और पहचान की राजनीति से। इसी तरह जब राजनीतिक दल, सत्ता दल धर्म की का लबादा ओढ़ कर विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी की बात छोड़कर मंदिर मस्जिद की बात करने लगे , धार्मिक और जातीय उन्मादियों को अप्रत्यक्ष प्रशय देने लगे तो समाज का ताना-बाना छिन्न-भिन्न तय है। अब यह निर्णय हमको और आपको करना है कि क्या सही है और क्या गलत है।

**डॉ० ओ०पी० मिश्र**

## विकसित भारत की राह के रोड़े, सरकारी दखल का होता है दुष्प्रभाव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नव वर्ष के आगमन के ठीक पहले पिछले वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि देश अब रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है। इसके उपरांत उन्होंने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित बहुआयामी मंच 'प्रगति' की बैठक में सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला सहित विभिन्न क्षेत्रों की पांच महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधार, प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक परिवर्तन बेहद जरूरी बताए। प्रधानमंत्री ने 2025 में किए गए जिन महत्वपूर्ण सुधारों का उल्लेख किया था, उनमें जीएसटी में व्यापक बदलाव, बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत विदेशी पूंजी निवेश को अनुमति, ग्रामीण रोजगार कानून मनेरगा में आमूलचूल परिवर्तन और श्रम संहिताओं को लागू करने और परमाणु ऊर्जा से जुड़े सुधारों का उल्लेख किया। निःसंदेह जीएसटी में सुधार से आम आदमी को लाभ मिला है, लेकिन अन्य सुधारों का लाभ मिलने में समय लगेगा। इनके जरिये उसने सुशासन स्थापित करने की कोशिश की है ताकि जनता की समस्याओं का समाधान हो और देश तेजी के साथ आगे बढ़े। इसमें संदेह नही कि प्रशासनिक कामकाज में सरकारी नियंत्रण कम होने और विभिन्न क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी से आम जनता को लाभ मिलता है, लेकिन यह भी सच है कि कोई भी देश सरकारी नियंत्रण के बिना नहीं चलता, लेकिन यह नियंत्रण एक सीमा तक ही होना चाहिए।

**संजय गुप्त**

### ईरान में ये प्रदर्शन देश...

रामस्वरूप रावतसरे

# ईरान में जेन-जी का आंदोलन

## क्या अमेरिका अपनी चाल में सफल हो गया है!

ईरान में आर्थिक संकट के चलते बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे है। तेहरान से शुरू हुए ये प्रदर्शन कई शहरों में फैल चुके हैं। लोगों के बीच ईरानी मुद्रा 'रियाल' की डॉलर के मुकाबले में रिकॉर्ड गिरावट और 42 प्रतिशत पहुँची महँगाई को लेकर गुस्सा है। लोग सड़कों पर उतरकर ईरान के इस्लामी रिजीम का विरोध कर रहे हैं. इनमें बड़ी संख्या में जेन-जी छात्र-छात्राएँ भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार सबसे पहले 28 दिसंबर 2025 को तेहरान के ग्रैंड बाजार के दुकानदारों और व्यापारियों ने विरोध शुरू किया। विरोध में दुकानें बंद रखी गईं। इसके बाद विरोध तेहरान, इस्फहान, शिराज, मशहद, हमेदान और तमाम शहरों तक फैल गया। लगातार प्रदर्शन जारी हैं जिसमें लोग सड़कों पर उतरकर नारे लगा रहे हैं- 'मुल्लाओं को ईरान छोड़ना होगा', 'आजादी-ए-आजादी' और 'तानाशाही का अंत हो।' बढते विरोध प्रदर्शनों पर ईरान की सरकार ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है। राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने गृह मंत्री को प्रतिनिधियों से बातचीत करने का निर्देश दिया। साथ ही राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने ईरान के केंद्रीय बैंक के गवर्नर मोहम्मद रेजा फरजिन का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया और उनकी जगह पूर्व अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री अब्दोलनासेर हेम्मती को



नियुक्त किया गया है। इन प्रदर्शनों में जेन जी छात्र देशभर के 10 प्रमुख विश्वविद्यालयों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं जिनमें तेहरान की 7 सबसे प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी शामिल हैं। इल्ना और सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, मध्य शहर इस्फहान के टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के साथ ही यज्द और जंजन जैसे शहरों के संस्थानों में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

ईरान में ये प्रदर्शन देश में जारी आर्थिक संकट को लेकर हो रहे हैं। यह संकट ईरानी मुद्रा 'रियाल' की भारी गिरावट से शुरू हुआ जो आम लोगों की जिंदगी को मुश्किल बना रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों, खराब सरकारी नीतियों और वैश्विक दबाव से अर्थव्यवस्था चरमरा गई जिससे महँगाई आसमान छूने लगी और लोग सड़कों पर उतर आए। यूँ तो ईरान की मुद्रा रियाल अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पहले ही कमजोर थी लेकिन दिसंबर 2025 में यह ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुँच गई- एक अमेरिकी डॉलर के बदले 14 लाख रियाल। पहले जहाँ एक डॉलर से 50-60 हजार रियाल मिलते थे, अब लाखों रियाल चाहिए। इससे आयात होने वाले सामान जैसे तेल, दवा, अनाज महँगे हो गए। ईरान वैसे भी तेल बेचकर कमाई करता है लेकिन प्रतिबंध से डॉलर नहीं मिल पाते ,इसीलिए रिजर्व खत्म हो गए। देश में महँगाई दर 42 प्रतिशत तक बढ़ गई, यानी पिछले साल की तुलना में चीजें औसतन 42 प्रतिशत महँगी हो गईं। उदाहरण के लिए रोटी, दूध, सब्जी की कीमतें 72 प्रतिशत तक उछल गईं। एक आम परिवार जो पहले एक लाख में गुजारा कर लेता था, अब 2 से 3 लाख भी कम पड़ जाते हैं। इतना सब होने के बाद केंद्रीय बैंक प्रमुख ने इस्तीफा दे दिया क्योंकि वे मुद्रा स्थिर नहीं कर पाए। जानकारों के अनुसार ईरान में जारी प्रदर्शनों में शामिल लोग इस्लामिक रिजीम यानी सर्वाच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाली इस्लामी सरकार के खिलाफ हैं, जो 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से चली आ रही है। शुरू में आर्थिक गुस्सा था, लेकिन अब लोग तानाशाही शासन के खिलाफ विद्रोह का मन बना चुके हैं जहाँ 'मुल्लाओं को ईरान छोड़ना होगा' जैसे नारे गूँज रहे हैं।

प्रदर्शनकारी इन्हें 'मुल्ला तानाशाह' कहकर कोस रहे हैं क्योंकि देश का पैसा सैन्य हथियारों, प्रॉक्सी युद्धों (जैसे हिजबुल्लाह, हूती) पर खर्च किया जा रहा है, बजाए जनता की भलाई पर। देश में लोग खासकर महिलाओं के हिजाब कानून और सख्त इस्लामी नियमों से तंग आ चुके हैं। तेहरान के विश्वविद्यालयों में छात्र 'इस्लामिक रिपब्लिक मुर्दाबाद' चिल्ला रहे हैं और धार्मिक प्रतीकों को निशाना बना रहे हैं। व्यापारी भी कह रहे हैं कि रिजीम की नीतियों से अर्थव्यवस्था बर्बाद हुई न कि अमेरिकी सैंक्शंस से। यह 1979 क्रांति के खिलाफ पहला बड़ा विद्रोह बताया जा रहा है जहाँ लोग धर्मनिर-पेक्ष लोकतंत्र की माँग कर रहे हैं।

### तीन बार...

प्रदीप कुमार वर्मा

## पश्चिम बंगाल चुनाव: तृणमूल कांग्रेस और भाजपा में सीधी टक्कर के आसार

इस साल करीब तीन महीने बाद मार्च-अप्रैल में पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अब राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कस ली है। तीन बार की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में अपनी रैलियां और रोड शुरू कर दिए हैं। वहीं, भाजपा ने भी चुनावी रणनीति तैयार कर टीएमसी को सीधी टक्कर देने का मन बना लिया है। भाजपा की चुनावी राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हालिया दौरा भी भाजपा की तैयारी को नई धार देता दिखाई पड़ रहा है। तृणमूल कांग्रेस एवं भाजपा की ₹कमर कसने₹ वाली तैयारी के उलट अभी तक कांग्रेस और वामदल उलझन में है और इन दलों की तरफ से अभी तक कोई भी राजनीतिक ₹सक्रियता₹ दिखाई नहीं पड़ रही है। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि तमाम अंतरविरोधों और आशंकाओं के बावजूद इस बार तृणमूल कांग्रेस और भाजपा में ही सीधी टक्कर होगी। सबसे बड़ी देखने वाली बात यह भी रहेगी कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में ₹इंडी गठबंधन₹ की उपयोगिता एवं औचित्य का क्या हश्र होता है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पूर्व तृणमूल कांग्रेस की चुनावी तैयारी के चलते एक दिन पहले ही दक्षिण 24 परगना जिले के बरूईपुर में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने एक विशाल जनसभा कर चुनावी अभियान का आगाज कर दिया है। अभिषेक बनर्जी ने अपनी सभा में केंद्र सरकार पर राज्य का फंड रोकने तथा मतदाता सूची में गड़बड़ी करने समेत कई गंभीर आरोप लगाकर यह तय कर दिया है कि तृणमूल कांग्रेस के सीधी टक्कर केंद्र में सत्ताधारी भाजपा से होनी है। यही नहीं, अभिषेक बनर्जी ने पूरे प्रदेश में कई रोड शो करने का ऐलान भी किया है।



इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख एवं तीन बार की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अपना चुनावी प्लान तैयार करते हुए कई रैली, रोड शो एवं जनसभा करने की तैयारी कर ली है। वहीं, चुनावी आगाज को देखते हुए तृणमूल कांग्रेस के ₹काडर₹ ने भी जमीनी स्तर पर अपनी तैयारी को नई धार देना शुरू कर दिया है।

तीन बार से पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस को उखाड़ने के लिए इस बार भाजपा ने भी अपनी तैयारी प्रभावी तरीके से शुरू कर दी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे के दौरान भाजपा संगठन की कई आंतरिक बैठक हुई, जिनमें चुनावी तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी नेताओं से आपसी मतभेद बुलाकर एकजुट होकर चुनाव लड़ने तथा तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने का आह्वान किया। शाह ने कार्यकर्ताओं को राज्य की 294 में से दो-तिहाई सीटें जीतने का बड़ा टारगेट दिया है। बीजेपी बंगाल में घुसपैठ की समस्या, वंदे मातरम, जय श्री राम, सोनार बांग्ला का निर्माण और. बंगाल की विरासत को दोबारा स्थापित करने का एजेंडा सेट कर रही है।

# जरा हटके

### वे पाकिस्तान के...

राजेश श्रीवास्तव

## वेनेजुएला पर हमला ट्रंप की दादागीरी - आखिर क्या चाहते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी सेनाएं वेनेजुएला पर हमला करके वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी समेत जिस तरह उठा लाईं, वह राष्ट्रपति ट्रंप की मनमानी की पराकाष्ठा है। ट्रंप ने सैन्य एवं आर्थिक शक्ति के मामले में अमेरिका के मुकाबले कहीं अधिक कमजोर देश में दादागीरी दिखाकर यही साबित किया कि उनका जोर दुर्बल देशों पर ही चलता है। उन्होंने यह आरोप लगाकर वेनेजुएला पर हमला किया कि वहां से अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी हो रही थी और निकोलस मादुरो की दमनकारी नीतियों से इस देश के लोग अवैध तरीके से उनके यहां आ रहे थे। यह बहाना ही अधिक है, क्योंकि अमेरिका में न तो नशीले पदार्थ केवल वेनेजुएला से आते हैं और न ही वहां के लोग।

ट्रंप ने इसके प्रमाण नहीं दिए कि वेनेजुएला के अपराधियों के गिरोह मादुरो की शह पर अमेरिका के खिलाफ आतंकियों की तरह काम कर रहे थे। इस बारे में मादुरो ने ट्रंप से बातचीत का प्रस्ताव भी रखा था पर उन्होंने उसकी अनदेखी कर दी। साफ है कि ट्रंप केवल इससे चिढ़े हुए थे कि सबसे अधिक तेल भंडार वाले देश का राष्ट्रपति उनके मनमाने रवैये के समक्ष झुकने को तैयार नहीं था, बहाना उन्होंने नशे का लिया।

अमेरिका और वेनुजएला के संबंध तबसे बिगड़े, जब वहां वामपंथी रुझान वाले शासक सत्ता में आए और उन्होंने कच्चे तेल और खनिज के स्रोतों का राष्ट्रीयकरण करना शुरू किया। इससे अमेरिकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला से बाहर होना पड़ा। ट्रंप मादुरो से इसलिए भी खार खाए हुए थे क्योंकि उन्होंने रूस और चीन से संबंध प्रगाढ़ कर लिए थे। चूंकि ट्रंप का रूस और चीन पर जोर



नहीं, इसलिए उन्होंने वेनेजुएला को निशाना बना लिया। यह सही है कि मादुरो चुनावों में धांधली करके सत्ता में आए और एक तरह से तानाशाही शासन चला रहे थे लेकिन क्या वे ऐसे इकलौते शासक हैं?

इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि ट्रंप किस्म-किस्म के तानाशाहों और यहां तक सीरिया में काबिज हुए आतंकी सरगना को भी गले लगा रहे हैं। वे पाकिस्तान के अघोषित तानाशाह आसिम मुनीर की भी पीठ थपथपा रहे हैं जबकि वे आतंकी संगठनों को पाल रहे हैं। पाकिस्तान अमेरिका को धोखा तो देता ही रहा है, वह उन देशों में भी प्रमुख है, जहां से बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी होती है। यह तस्करी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी की शह से होती है लेकिन ट्रंप की नजर में पाकिस्तान महान देश है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद बेलगाम होकर विश्व व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर रहे ट्रंप अपने साथ अमेरिका की भी फजीहत करा रहे हैं। वेनेजुएला पर हमला करके उन्होंने बची-खुची नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अराजकता की ओर धकेल दिया है।

सवाल यह है कि अमेरिका अब किस मुंह से चीन से कहेगा कि ताइवान पर हमला मत करो? वह रूस की आलोचना कैसे करेगा? जब अमेरिका ने हमला किया, तब चीन का प्रतिनिधिमंडल वेनेजुएला में ही मौजूद था। रूस इस हमले की पहले ही निदा कर चुका है। वेनेजुएला के पास तेल का सबसे बड़ा भंडार मौजूद है। इस घटना को अमेरिका की दादागिरी ही कहेंगे। अमेरिका की मंशा साफ है। ट्रंप विश्वास के संकट को गहरा करने का काम करते हैं।

## प्रिय और हित

प्रिय और हित इन दो शब्दों का हम विश्लेषण करे और समझने का प्रयत्न आदि करे तो अनेक समस्याओं का समाधान हो सकता हैं । सामान्यतया : आदमी प्रियता की और आकृष्ट होता हैं । प्रिय अच्छा लगता हैं । आंखो को रूप देखना अच्छा लगता हैं । कान को प्रिय शब्द सुनना अच्छा लगता हैं । वह जीभ को प्रिय चीज खाना अच्छा लगता हैं । पांचों इन्द्रियों को प्रियता अच्छी लगती हैं । हमको जो प्रिय होता हैं, वह अच्छा लगता हैं । वह हमारा ध्यान इस पर कम जाता हैं कि हमको जो अच्छा लगता है , अच्छा है या नहीं ? ऐसे बहुत कम लोग होते हैं जो प्रियता को गौण कर हित का चिंतन करते हैं । दिमाग में अगर सकारात्मक विचार ना भरे जाएँ तो वहाँ समय -समय पर बार-बार नकारात्मक विचार पनपते ही पनपते हैं। ज्यों, खेत में उपजाऊ बीज न डाले जाने पर, खर-पतवार वहाँ पर उग ही जाते हैं । सूर्य में वो शक्ति हैं जो हमारी पाचन शक्ति को तंदुरुस्त रखती हैं व कई रोगों से हमें मुक्त करती हैं । हम अगर सदैव अपने हित की बात सोचे तो इसका बच्चों पर भी अच्छा प्रभाव पड़ेगा और बीमारियां भी कम हो जाएगी । वह इसके परिणाम-स्वरूप मस्तिष्कीय विकास भी ज्यादा हो जाएगा । मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य भी बढ़ जाएगा । हमारी आदत है सोचने की कि फलां काम हम इसी तरीके से करते आए हैं, तो इसमें बदलाव क्यों? इसका उत्तर है यों। लीक ही पीटते जाने से नई नई खोज कैसे होती? यही सोच यदि सबकी रहती तो दुनिया आज जहाँ है वहाँ कैसे पहुँचती। हमारी उत्कृष्टता हसिल करते जाने की ललक होनी चाहिए । यह यात्रा निरंतर बढते जाने की है । इसके लिए हमको अपने बंद दिमाग को खोलना पड़ेगा। वह बुझी हुईं आग को प्रज्ज्वलित करनी होगी ।वह इस प्रकिया में दिक्कतें भी होंगी।ठोकरें भी खानी होगी।हम समझ लें यह एक उत्कृष्टता पाने की कीमत है। सब में योग्यताएं है उन्हें अविकसित से विकसित करनी होगी। हम अपने काम के लक्ष्य में जुटे रहें तो सफलता अवश्य मिलेगी। हमको उसी के लिए दृढ़ मन से सतत प्रयत्नशील रहना है। आखिर मंजिल मिलेगी।आदतों को बदला जा सकता हैं । बड़ी से बड़ी आदत को भी हमारे द्वारा छोड़ा जा सकता हैं । वह नई आदतों का प्रत्यारोपण किया जा सकता हैं । हमारा मस्तिष्क इतना जागरूक हैं कि वह पकड़ सकता हैं । उसमें छोड़ने की शक्ति भी हैं तो नई आदत को ग्रहण करने की भी शक्ति हैं । हर अवयव का प्रत्यारोपण होता हैं तो आदतों का प्रत्यारोपण क्यों नहीं हो सकता हैं ? पुरानी आदत को क्यों नहीं बदला जा सकता? नई आदत का निर्माण क्यों नहीं किया जा सकता ? वह हो सकता हैं, लेकिन तब हो सकता है, जब कोई हितेषी मिल जाए , हित की साधना करने वाला, हित को महत्व देने वाला मिल जाए।

**> प्रदीप छाजेड़**

### दही थाना क्षेत्र के घटोरी गांव में बिना अनुमति चल रही सभा का आरोप, बजरंग दल की सूचना पर पहुंची पुलिस

# कथित मतांतरण को लेकर बवाल, प्रार्थना सभा पर ग्रामीणों का विरोध

**प्रदर्शन**



तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। जनपद उन्नाव में कथित मतांतरण को लेकर एक बार फिर खड़ा हो गया। दही थाना क्षेत्र के तारगांव के मजरा घटोरी गांव में रविवार को चल रही एक प्रार्थना सभा को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही एक युवक द्वारा बिना अनुमति प्रार्थना सभा आयोजित कर हिंदू परिवारों का मत भंग कर मतांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा था। विरोध के दौरान मौके पर तनाव की स्थिति बन गई, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

## हनुमान चालीसा पाठ और नारेबाजी

मतांतरण के आरोपों से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया और जमकर नारेबाजी की। हालात को देखते हुए पुलिस ने थाना से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया ताकि स्थिति पर काबू पाया जा सके और अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकाला जा सके।

## पुलिस जांच में जुटी

दही थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है और यदि जांच में मतांतरण या कानून के उल्लंघन से जुड़ा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि पुलिस बल की मौजूदगी से स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है।

**रविवार को बिना किसी अनुमति के उसी भवन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों और इसाई मिशनरी से जुड़े लोगों को बुलाकर प्रार्थना सभा आयोजित की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सभा के दौरान सनातन धर्म को लेकर लोगों को भड़काया जा रहा था। विरोध करने पर हाथापाई की स्थिति बन गई।**



## पहले भी हो चुका था विरोध

बजरंग दल के संयोजक नितिन शुक्ल ने आरोप लगाया कि घटोरी गांव निवासी नीरज कुमार रैदास लंबे समय से अपने घर पर प्रार्थना सभा आयोजित कर रहा था। करीब एक साल पहले ग्रामीणों के विरोध के बाद उसने गांव के बाहर चर्च संचालन के लिए पक्का लिंटरदार मकान बनवाना शुरू किया। निर्माण के दौरान ही एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन उस समय कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

# नाले से युवक का सड़ा-गला शव बरामद, क्षेत्र में मचा हड़कंप

तमसा संकेत, संवाददाता



चांदपुर। जनपद बिजनौर में नूरपुर थाना क्षेत्र के चांदपुर रोड पर रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब नाले में एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। शव की हालत इतनी खराब थी कि आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही नूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नाले से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। शव की पहचान फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है, हालांकि पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक युवक नूरपुर कस्बे में भिक्षावृत्ति कर अपना जीवन यापन करता था। चांदपुर के सीओ देश दीपक सिंह ने शव मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार युवक अक्सर नूरपुर नगर क्षेत्र में दिखाई देता था। सीओ ने बताया कि शव करीब दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि मौत कई दिन पहले हुई होगी। शव की स्थिति को देखते हुए दुर्गंध भी फैल रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। यह हत्या है या किसी हादसे का नतीजा, इस पर से पर्दा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही उठ सकेगा।

**फास्ट न्यूज**

### कल्याणपुर यूनिवर्सिटी में तीसरी मंजिल से गिरा मजदूर

कानपुर। कल्याणपुर के एक यूनिवर्सिटी में बॉयज हॉस्टल निर्माण के दौरान शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। तीन मंजिला इमारत पर सरिया चढ़ाते समय एक मजदूर का पैर फिसल गया, जिससे वह नीचे गिर पड़ा। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, हादसे में जान गंवाने वाले मजदूर की पहचान बिल्हौर थाना क्षेत्र के वधन निवादा निवासी दरोगा पाल (50) के रूप में हुई है।

### किसान के खेत में मिला 10 फीट लंबा अजगर

छिबरामऊ। छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के भीकमपुर गांव में रविवार दोपहर करीब 10 फीट लंबा अजगर मिलने से हड़कंप मच गया। एक किसान के खेत के पास अजगर को देखकर स्थानीय लोग जमा हो गए और वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर का रेस्क्यू किया। काफी मशक्कत के बाद अजगर को काबू किया गया। वन रक्षक ने बताया कि अजगर का वजन करीब 40 किलोग्राम और लंबाई 10 फीट थी। रेस्क्यू के बाद उसे तालग्राम के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

### प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करने वाले शूटर अरेस्ट

वाराणसी। वाराणसी में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करने वाले शूटर को सारनाथ पुलिस ने अरेस्ट किया है। शनिवार रात पुलिस और शूटर की मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से 5 राउंड फायरिंग हुई। पुलिस ने एक किमी तक उसका पीछा किया। गंगा किनारे सरायमोहना के पास बाइक से शूटर भागने लगा। पुलिस ने गोली मारकर उसे पकड़ लिया। उसके दाएं पैर में गोली लगी है। घायल शूटर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मेयर-पार्षदों का विवाद सड़क पर आया

### जिस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री चीफ गेस्ट, वहां पर पार्षद समर्थकों का हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में रविवार को भाजपा के पार्षदों और महापौर के बीच चल रहा विवाद खुलकर सड़क पर आ गया। जिस कार्यक्रम में शहर के प्रभारी मंत्री और कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचना था, वहीं पार्षद पवन गुप्ता के वार्ड के सैकड़ों लोग पोस्टर और बैनर लेकर सड़कों पर उतर आए। महापौर के खिलाफ नारेबाजी करती भीड़ को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कानपुर के वार्ड-37 संतलाल हटा इलाके के लोग रविवार को मोतीझील स्थित सरस मेले में प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का घेराव करने पहुंच गए। सैकड़ों की संख्या में लोग पोस्टर-बैनर लेकर महापौर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे मंत्री से मिलकर अपनी समस्याएं सीधे उनके सामने रखना चाहते हैं। हर सुबह लोगों को लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानी होती है। फिलहाल हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और मंत्री के पहुंचने के बाद स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।



## 3000 लोगों के लिए सिर्फ एक शौचालय

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि शहर की पॉश कॉलोनी के बीच स्थित संतलाल हटा इलाके में करीब 3000 लोगों के पास निजी शौचालय नहीं हैं। पूरे इलाके के लिए सिर्फ एक सामूहिक शौचालय है, जिस पर पूरी आबादी निर्भर है। हर सुबह लोगों को लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानी होती है।

**इलाके के लोगों का आरोप है कि जब वार्ड पार्षद पवन गुप्ता ने नगर निगम के सदन में शौचालय की समस्या उठाने की कोशिश की, तो उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। इसके बाद से ही लोगों में आक्रोश है और अब वे अपनी बात प्रभारी मंत्री तक पहुंचाने के लिए मोतीझील पहुंचे हैं।**



## भारी पुलिस बल तैनात, हालात पर नजर

विरोध प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन भीड़ को नियंत्रित करने में जुटा है। फिलहाल हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और मंत्री के पहुंचने के बाद स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

# वृंदावन में जुटने लगे संघ के दिग्गज, मोहन भागवत पहुंचे

### आरएसएस की 3 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शुभारंभ आज

तमसा संकेत, एजेंसी



मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत सात दिवसीय प्रवास पर वृंदावन पहुंचे हैं। रविवार सुबह वे भोपाल से तेलंगाना एक्सप्रेस द्वारा मथुरा जंक्शन पहुंचे, जहां संघ के स्वयंसेवकों ने उनका स्वागत किया। सुबह करीब 7 बजे ट्रेन से उतरने के बाद वे ई-कार्ट के जरिए स्टेशन से बाहर अपनी गाड़ी तक पहुंचे। भागवत के वृंदावन प्रवास के दौरान संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक का शुभारंभ रविवार शाम केशव धाम में होगा। इस बैठक में संघ के प्रांत प्रचारक, सभी अनुषांगिक संगठनों के अध्यक्ष और संगठन महामंत्री भी शामिल होंगे। मोहन भागवत को जेड प्लस से एडवांस एएसएल सुरक्षा प्राप्त है। इसी को देखते हुए उनके आगमन से पहले ही मथुरा जंक्शन को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया था। स्टेशन परिसर और आसपास के इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में किन मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी। यह पूरी तरह से गोपनीय रखा है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि बैठक में सामाजिक समरसता, राज्यों से पलायन रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाए, जैसे मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। इसके अलावा कई अन्य मुद्दे भी एजेंडे में शामिल हैं। 4 जनवरी : केशवधाम में RSS पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 5 से 9 जनवरी : सुबह केशवधाम में संघ के केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ चिंतन करेंगे। 9 जनवरी : सुबह चंद्रोदय मंदिर में ठाकुरजी के दर्शन, गोशाला और रसोई की देखभाल के साथ पदाधिकारियों से मिलेंगे। 10 जनवरी : शाम को सुदामा कुटी जाएंगे, संत सुदामा दास महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे। फिर दिल्ली रवाना होंगे।

# अंकिता भंडारी केस में सीबीआई जांच हो : रिया किन्नर

### मुजफ्फरनगर में सड़कों से संसद तक लड़ाई का ऐलान

तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में सामाजिक कार्यकर्ता और किन्नर समाज की चर्चित आवाज रिया किन्नर ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर फिर सत्ता और सिस्टम को कठघरे में खड़ा कर दिया है।उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड में निष्पक्ष न्याय की मांग करते हुए मामले की सीबीआई जांच की जोरदार अपील की है। राष्ट्रीय महिला एकता संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रिया किन्नर ने प्रेस वार्ता में कहा कि अंकिता भंडारी जैसी बेटियों के साथ हुए जघन्य अपराध सिर्फ परिवार नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को झकझोरते हैं।रिया ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिशें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे जनता का भरोसा न्याय व्यवस्था से डगमगा रहा है। रिया किन्नर ने महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा- रिया ने चेतावनी दी कि अगर अंकिता भंडारी केस में CBI जांच नहीं हुई, तो यह लड़ाई सड़कों से संसद तक लड़ी जाएगी।उन्होंने किन्नर समाज सहित सभी सामाजिक संगठनों और महिलाओं से एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की अपील की। "आखिर कब तक बेटियों को न्याय के लिए लड़ना पड़ेगा? क्या दोषियों को सजा दिलाने के लिए जनता को हर बार सड़कों पर उतरना ही पड़ेगा?"




**रिया ने सरकार से सवाल किया "आखिर कब तक बेटियों को न्याय के लिए लड़ना पड़ेगा? क्या दोषियों को सजा दिलाने के लिए जनता को हर बार सड़कों पर उतरना ही पड़ेगा?" उनके इस कदम के बाद यह मामला सोशल मीडिया और जन आंदोलनों में चर्चा का विषय बन गया है।महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की इस लड़ाई में समाज के हर वर्ग से समर्थन की उम्मीद जताई जा रही है।**

# 110 करोड़ से होगा एयरपोर्ट का विस्तार

### धनौली गांव की तरफ बनेगा एंट्री गेट, एक से डेढ़ महीने में शुरू होगा काम

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में नये सिविल एन्क्लेव के बाद एयरपोर्ट का विस्तार और टैक्सी ट्रैक का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। 110 करोड़ रुपये की लागत से शुरू होने वाला यह काम एक से डेढ़ महीने में शुरू हो जाएगा। दो साल में पूरा होगा। धनौली गांव की तरफ गेट बनेगा और पार्किंग की व्यवस्था होगी। पार्किंग से सिटी बसों का संचालन होगा। जहां से आगरा कैंट रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और ISBT से सिटी बसें उपलब्ध होंगी। लगभग ढाई महीने पहले एयरपोर्ट प्रशासन ने विस्तार और टैक्सी ट्रैक का टेंडर जारी किया था। टेंडर की तकनीकी और वित्तीय बिड खुल चुकी है। निदेशक विवेक शर्मा ने बताया- 110 करोड़ रुपये से एयरपोर्ट का विस्तार और ट्रैक बनेगा। यह कार्य 2 साल में पूरा होगा। नई बाउंड्रीवॉल बन रही है। इसका कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। सिविल एन्क्लेव बनने के बाद यहां से अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइटें शुरू हो सकेंगी। बता दें कि वर्तमान में वायुसेना के एयरपोर्ट से ही सिविल फ्लाइटों का संचालन हो रहा है। हालांकि अभी सिर्फ अहमदाबाद, बंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई के लिए फ्लाइट है।



आगरा में धनौली गांव के पास चल रहा सिविल एन्क्लेव का काम।

**"एयरपोर्ट का विस्तार होने से यह आगरा वायुसेना स्टेशन की सीमा से बाहर आ जाएगा। धनौली गांव की तरफ से बन रहे गेट से आवागमन होगा। यहीं से एयरपोर्ट के भीतर के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होगा। बता दें कि वर्तमान में वायुसेना के एयरपोर्ट से ही सिविल फ्लाइटों का संचालन हो रहा है। हालांकि अभी सिर्फ अहमदाबाद, बंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई के लिए फ्लाइट है।**



### 343 करोड़ से बन रहा सिविल एन्क्लेव

खेरिया एयरपोर्ट के नये सिविल एन्क्लेव का निर्माण 343 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। यह काम इस साल के अंत तक पूरा हो सकता है। एयरपोर्ट के विस्तार और टैक्सी ट्रैक के लिए धनौली, बल्हैरा और अभयपुरा गांव में 37 हेक्टेयर जमीन खरीदी जा चुकी है।

### वारदात : घटनास्थल पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी एसपी ने घटना के अनावरण को तीन टीमों का किया गठन

# स्योहारा में किसान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या क्षेत्र में दहशत व्याप्त

तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर/स्योहारा।जनपद बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े एक युवा किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम हल्दुआ माफी निवासी 28 वर्षीय किसान राहुल पुत्र सतपाल रविवार सुबह करीब 11 बजे गन्ना केंद्र पर गन्ना डालकर अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। गोली लगते ही राहुल मौके पर ही गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।



## पुलिस ने जुटाए साक्ष्य, तीन टीमें गठित

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अभिषेक झा, सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, फोरेंसिक टीम के साथ नूरपुर और धामपुर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## दो दिन बाद आने वाले थे शादी की बात करने लड़की के परिजन

मृतक के पिता सतपाल सिंह ने बताया कि राहुल की शादी तय करने की प्रक्रिया चल रही थी और दो दिन बाद लड़की के परिजन उनके घर आने वाले थे। बेटे की अचानक हत्या से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां, पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**सूचना पाकर थाना स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों व प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। दिनदहाड़े किसान की हत्या ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों में आक्रोश है और वे जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।**



# 20 साल तक परिवार का हिस्सा रही गाय की मौत पर रोया मालिक

### बैंड-बाजे के साथ दी अंतिम विदाई

तमसा संकेत, एजेंसी

शाहजहांपुर। जैतीपुर के करकौर गांव निवासी सर्वेश शर्मा की पालतू गाय की मृत्यु हो गई। रविवार को उन्होंने बैंडबाजे के साथ शवयात्रा निकाली। इस दौरान गांव के लोग भी अंतिम विदाई देने पहुंचे। सर्वेश ने मृत गाय की शवयात्रा के जरिये लोगों को गायों को संरक्षित करने का संदेश भी दिया। साथ ही मालिक सर्वेश भी इस दौरान भावुक हो गए। गाय जब दूध देना बंद कर देती है तो ज्यादातर लोग उन्हें छोड़ देते हैं। जिस वजह से न सिर्फ आये दिन हादसे हो रहे हैं, बल्कि किसानों की फसलें भी बर्बाद हो रहीं है, लेकिन सर्वेश ने ऐसा नहीं किया। करीब 20 वर्षों से उनके पास रह रही गाय कई दिनों से बीमार थी। उम्र अधिक होने की वजह से गाय की मृत्यु हो गई। रविवार को उन्होंने गाय का शव बैलगाड़ी पर रखने के बाद बैंड बाजे के साथ उसे दफन करने के लिए ले गए। गांव के बड़ी संख्या में लोग भी पीछे-पीछे चल रहे थे। सर्वेश ने बताया कि कई वर्ष पहले उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। ऐसे में गाय के दूध व उपले से बड़ा सहारा मिला। जिस वजह से गाय की अंतिम समय तक सेवा की। गाय के बीमार होने पर उसका इलाज भी खूब कराया। गाय की शवयात्रा में महावीर सिंह, पूर्व प्रधान राजेंद्र पाल गुर्जर, अनूप मिश्रा, नेत्रपाल कश्यप, पप्पू मिश्रा, रामलखन गुप्ता आदि शामिल रहे।



## एक मस्जिद को रातभर में लोगों ने खुद ढहाया, दूसरे पर चल रहा बुलडोजर

# संभल में 2 मस्जिदें, एक मदरसा तोड़ा गया

**ध्वस्तीकरण**

तमसा संकेत, एजेंसी

संभल । संभल में रविवार को दो अवैध मस्जिद और एक मदरसे को ढहा दिया गया है। पहला एक्शन- असमोली थाने के हाजीपुर में हुआ। यहां हाजीपुर गांव में बुलडोजर एक्शन से पहले ही एक मस्जिद को गांव के लोगों ने खुद ही तोड़ दिया। लोगों ने रातभर हथौड़े और छेनी से मस्जिद को ढहाया।

मस्जिद 1339 वर्ग मीटर (डेढ़ बीघा) भूमि में बनी थी। सुबह जब प्रशासन की टीम पहुंची, तो वहां मस्जिद की जगह मलबा पड़ा हुआ था। यह देखकर तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा- भगवान ने इन लोगों को सद्बुद्धि दी कि इन्होंने खुद-ब-खुद अवैध निर्माण को तोड़ लिया। प्रशासन ने करीब तीन घंटे में बुलडोजर से मलबा हटाया।



दो बुलडोजरों से मस्जिद को तोड़ा जा रहा है। मौके पर भारी संख्या में फोर्स तैनात है।

दूसरा एक्शन भी हाजीपुर गांव में हुआ। मस्जिद से 500 मीटर दूर टीम मदरसा तोड़ने पहुंची। ढोल पिटवाकर मुनादी कराई गई। तीन बुलडोजरों से 1500 वर्ग मीटर जमीन पर बने अवैध मदरसे को तोड़ा जा रहा है। डीएम-एसपी और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात है। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। तीसरा एक्शन मदरसे से करीब 11 किमी दूर असमोली थाने के राया बुजुर्ग गांव में हुआ। दो बुलडोजरों से 1500 वर्ग मीटर में बनी मस्जिद को तोड़ा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मस्जिद सरकारी जमीन पर बनी थी। 2 अक्टूबर को बुलडोजर एक्शन का नोटिस दिया गया था, लेकिन मस्जिद कमेटी हाईकोर्ट चली गई थी। हाईकोर्ट ने अपील खारिज कर दी थी।

तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया- 14 जून 2018 को लेखपाल ने रिपोर्ट दी थी कि हाजी शमीम ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर मस्जिद का निर्माण कराया। इसी रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार न्यायालय में ग्राम सभा बनाम हाजी शमीम मुतवल्ली के नाम से मामला दर्ज कर सुनवाई की गई।

डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई भी मौके पर पहुंचे। ध्वस्त जमीन पर 20 चयनित लाभार्थियों को पट्टे बांटे। डीएम ने बताया- 25 साल पहले इस जमीन पर अवैध कब्जा कर मस्जिद बनाई गई थी। तहसीलदार कोर्ट से पहले ही ध्वस्तीकरण का आदेश हो गया था

### मदरसा क्यों तोड़ा गया

डीएम राजेंद्र पेंसिया ने बताया- मदरसे के नाम पर 1500 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा किया गया था, लेकिन वहां कॉमर्शियल गतिविधियां की जा रही थीं। दुकानों का किराया वसूला जा रहा था। तहसीलदार कोर्ट से डेढ़ महीने पहले ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था।

मगर, मदरसा कमेटी हाईकोर्ट चली गई। कोर्ट ने कमेटी की अपील खारिज कर दी। इसके बाद मदरसा कमेटी को 15 दिन का नोटिस दिया गया। आज नोटिस अवधि पूरी होने पर अवैध मदरसे को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है।



मस्जिद 1500 वर्ग मीटर में बनी थी। अफसरों का कहना है कि जमीन पर कब्जा करके मस्जिद बनाई गई।

## नजीबाबाद पुलिस ने 2 शातिर वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

### 5 मोटर साइकिलें भी की बरामद चोरों को भेजा जेल

तमसा संकेत, संवाददाता



नजीबाबाद। जनपद बिजनौर की थाना नजीबाबाद पुलिस ने 2 शातिर वाहन चोरों को चोरी की 5 मोटर साइकिलों सहित गिरफ्तार किया है। थाना नजीबाबाद पुलिस ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 2 अभियुक्तों सोनू शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी ग्राम मुस्सेपुर पाडली थाना नहटौर जनपद बिजनौर (हाल निवासी कुटिया कॉलोनी थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर) तथा घनश्याम सिंह पुत्र स्व० बाबूराम निवासी ग्राम तेलीपुरा माफी थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा को चोरी की 5 मोटरसाइकिलों सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 3 मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस (संख्या अप20बु5418, यूके07बु1346, यूके07बन6558), 01 मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बिना नंबर प्लेट (चेसिस संख्या म्बल्हा10अम9ह02040, इंजन संख्या है। 10एजे9है00485) तथा 01 मोटरसाइकिल स्टार सिटी लाल रंग (बिना नंबर प्लेट), जिसकी चेसिस व इंजन संख्या मिटाई हुई थी, बरामद की गई। बरामदगी के संबंध में थाना नजीबाबाद पर मु0अ0सं0-08/2025 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों से बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ की गई, तो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि मोटरसाइकिल संख्या अप20बु5418 को दिनांक 24.12.2025 को नजीबाबाद में स्टेशन रोड स्थित यूनियन बैंक के सामने से दोपहर के समय चोरी किया गया था।

**फास्ट न्यूज**

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष 13 को आएंगे कानपुर

कानपुर । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी आगामी 13 जनवरी को कानपुर आ सकते हैं। उनका कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र का दौरा प्रस्तावित है। प्रदेशाध्यक्ष के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए कानपुर में उनके स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने रविवार को क्षेत्रीय कार्यालय में जिला अध्यक्षों और क्षेत्रीय पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई।

### कानपुर यूनिवर्सिटी में तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

कानपुर । कानपुर में सीएसजेएमयू के निर्माणाधीन बॉयज हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। घरवालों ने विश्वविद्यालय के गेट पर शव रखकर हंगामा किया। बेटे ने बताया कि मेरे पिता ने हेलमेट मांगा था। साथ ही सुरक्षा के अन्य उपकरण भी मांगे थे। मगर ठेकेदार ने उन्हें गालियां दीं और भगा दिया।

शनिवार को तीन मंजिला इमारत पर सरिया चढ़ाते समय उनका पैर फिसल गया। वह नीचे आकर गिरे। साथी उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल लेकर गए।

### कानपुर मेट्रो के नए रूट का 26 जनवरी को टेस्ट

कानपुर । कानपुर में साउथ कानपुर मेट्रो रूट पर 26 जनवरी को पहला ट्रायल रन किया जाएगा। इस ट्रायल रन के साथ शहर में मेट्रो सेवा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। इससे पहले, 28 दिसंबर 2021 को कानपुर में मेट्रो का संचालन शुरू हुआ था। अब यह ट्रेन सेंट्रल स्टेशन से नौबस्ता तक अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार है।

## सिपाही अरुण कुमार को सीएम ने उत्कृष्ट सेवा मेडल से किया सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर। जनपद बिजनौर में तैनात सिपाही अरुण कुमार को मुख्यमंत्री द्वारा उत्कृष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें जिले में खौफ और आतंक का पर्याय बने कुख्यात बदमाश आदित्य राणा के एनकाउंटर में साहसिक भूमिका निभाने के लिए दिया गया।

बताया जाता है कि आदित्य राणा लंबे समय से बिजनौर और आसपास के क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों के कारण लोगों के लिए डर का कारण बना हुआ था। उस पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज थे और पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मुठभेड़ के दौरान सिपाही अरुण कुमार ने अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए बदमाश को ढेर करने में अहम योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के सम्मान समारोह में सिपाही अरुण कुमार की बहादुरी की सराहना करते हुए उन्हें उत्कृष्ट सेवा मेडल प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे जांबाज पुलिसकर्मी ही प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं और आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हैं।




इस सम्मान के बाद बिजनौर पुलिस महकमे में खुशी की लहर है। साथी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने सिपाही अरुण कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सिपाही अरुण कुमार वर्तमान में बिजनौर जनपद में तैनात हैं और अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा व साहस के लिए जाने जाते हैं।

### फिरोजाबाद में ट्रांसपोर्टर की हत्या कर हाथ-पैर तोड़े

फिरोजाबाद । फिरोजाबाद में आगरा के ट्रांसपोर्टर की किडनैप कर हत्या कर दी गई। ट्रांसपोर्टर का शनिवार रात अपने पार्टनर से झगड़ा हुआ था। इसके बाद 4 लोगों ने ट्रांसपोर्टर को ट्रक समेत किडनैप कर लिया। रास्ते भर मारपीट की। हाथ-पैर तोड़कर सड़क किनारे फेंक दिया। रविवार सुबह ट्रांसपोर्टर का शव पड़ा मिला। पुलिस ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर के एक अन्य सहयोगी से पूछताछ कर रही है। चारों आरोपियों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, ट्रांसपोर्टर का अपने पार्टनर से रुपए के लेन-देन को लेकर झगड़ा चल रहा था। मामला नारखी थाना क्षेत्र का है। आगरा के महावीर नगर में रहने वाले बालमुकुंद दुबे (50) पेशे से ट्रांसपोर्टर थे। वह शनिवार शाम ट्रक पर माल लोड कराकर फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र के ककरऊ कोठी स्थित ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट आए थे। उनके साथ ट्रक ड्राइवर सुभाष भी मौजूद था।

### प्राइवेट अस्पताल की महिला डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप पुलिस को दी तहरीर

# प्रसव के बाद नवजात शिशु की मौत पर हंगामा

उधर डॉक्टर फरहत जहां का कहना है कि शुरू से ही महिला का उपचार मेरी देखरेख में चल रहा था एवं प्रसव वाले दिन महिला की सारी रिपोर्ट्स नॉर्मल थी और डिलीवरी भी नॉर्मल तरीके से की गई थी। प्रसव के बाद बच्चे में सांसे चल रही थी। लेकिन कुछ समय बाद बच्चे की सांसें थम गई।





- पीड़ित ने फरहत जहां नर्सिंग होम हॉस्पिटल की शिकायत एसीएमओ से की, कहा छुट्टी पर हूं

तमसा संकेत, संवाददाता

नजीबाबाद। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की नजीबाबाद तहसील के प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात बच्चे की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने महिला डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

आपको बता दें मामला नजीबाबाद के बस स्टैंड के नजदीक बने डॉक्टर फरहत जहां नर्सिंग होम हॉस्पिटल का है जहां पर नजीबाबाद गोल्डन मार्केट कल्लूगंज निवासी मरीज़ प्रेग्नेंट महिला आफरीन पत्नी एहतेशाम का उपचार डॉ फरहत जहां की देखरेख में चल रहा था। लेकिन महिला के प्रसव वाले दिन डिलीवरी के दौरान नवजात बच्चे की मौत हो गई। महिला के परिजनों का कहना है कि अस्पताल के स्टाफ में अनट्रेंड लड़के एवं लड़कियों से मरीजों का ट्रीटमेंट कराया जा रहा है। जिसका खामियाजा मरीजों व परिजनों को भुगतना पड़ रहा है।

**अस्पताल में अन्य मरीजों के परिजनों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मरीज के चेकअप के नाम पर तरह-तरह की रिपोर्ट्स निकलवाने का खेल खेला जा रहा है । सूत्रों की माने डॉ फरहत जहां नर्सिंग होम हॉस्पिटल लूट-खसोट का अड्डा बन चुका है। आसपास के लोगों का कहना है कि अपने रुखे व्यवहार को लेकर डॉक्टर फरहत जहां काफी चर्चाओं में रहती हैं।**

### राष्ट्रीय सेवा में लगा रहता है भाजपा का सिपाही: मौसम चौधरी

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भाजपा की बैठक

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 बूथ अध्यक्षों को 51 हजार रुपए देकर किया जाएगा सम्मानित
- 10 लाख का मेडिकल बीमा भी शामिल

तमसा संकेत, संवाददाता



बिजनौर/झालू। मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा की ओर से कस्बे में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल वर्मा ने की।

ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित में समर्पित सिपाही की भूमिका निभाता है और देशविरोधी सोच के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहता है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि विचारधारा, मतदाता और जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाकर ही देश को भीतर से मजबूत किया जा सकता है। रामराज्य की अवधारणा को साकार करने में बूथ अध्यक्षों की भूमिका निर्णायक है।

उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज, डिग्री कॉलेज और हाईवे जैसे बड़े विकास कार्यों से प्रदेश और देश को नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर सशक्त पहचान बनाई है। यह उपलब्धि कार्यकर्ताओं की निष्ठा और परिश्रम का परिणाम है।

वरिष्ठ नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने निर्देश दिए कि बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथ से जुड़ी समस्त जानकारी व्यवस्थित रूप से दर्ज करें, ताकि संगठनात्मक मजबूती और बढ़ाई जा सके। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें 51 हजार रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक बूथ अध्यक्ष का 10 लाख रुपये का मेडिकल बीमा भी कराया गया है। मुख्य अतिथि तेजपाल वर्मा ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूर्व पीढ़ी की मेहनत और समर्पण की परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# दो ड्राइवरों की अनिवार्यता को लेकर प्रवर्तन टीमो ने चलाया विशेष अभियान

### 4 ओवरलोड़ वाहनो सीज, 41 अन्य अभियोगो मे किये चालान

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जनपद मे प्रवर्तन टीमो ने व्यावसायिक वाहनों के लिए दो ड्राइवरों की अनिवार्यता को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान प्रवर्तन टीमो ने चालको को जागरुक करते हुये लंबी दूरी और रात के समय दो ड्राइवरों की तैनाती, ड्राइविंग के दौरान फोन का उपयोग न करने एंव ओवरलोडिंग न करने को लेकर जागरुक किया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ने 25 चालान करते हुये चालको को एक-दूसरे की ड्राइविंग पर ध्यान देने, थकान के लक्षण दिखते ही आराम करने, एआई-आधारित डैशकैम जैसे तकनीक का उपयोग करें जो मोबाइल देखने या लापरवाही से बचने में मदद कर सकते हैं। हमेशा सतर्क रहें, सुरक्षित रहने को लेकर जागरुक कर पम्पलेट बांटे। तथा नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया। तो वही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने 4 ओवरलोड़ वाहनो को माती चौकी, 1 डग्गामार बस का चालान व 15 अन्य अभियोग मे चालान किये। तथा भारी वाहन ड्राइवरो को हमेशा तय गति सीमा के अंदर ही गाड़ी चलाने को लेकर जागरुक किया।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### बनारस में जोश हाई ...

मोदी ने कहा-देश के 28 राज्यों की टीमें यहां जुटी हैं। आप सभी एक भारत–श्रेष्ठ भारत की बहुत सुंदर तस्वीर पेश कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में बनारस का जोश हाई रहेगा। हमें बहुत गर्व होता है, जब Gen Z को खेल के मैदान में तिरंगा फहराते देखते हैं।

इससे पहले, सीएम योगी ने कहा- पिछले 11 सालों में सबने एक नए भारत को देखा है, भारत को बदलते देखा है। देश में एक नई खेल संस्कृति को पनपते देखा है। 2014 में पीएम मोदी ने 'खेलो इंडिया' की शुरुआत की। अब खेल समय की बर्बादी नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का अभिन्न हिस्सा है।

काशी में हो रही वॉलीबॉल चैंपियनशिप में देशभर की 58 टीमें हिस्सा ले रही हैं। यूपी की ओर से पुरुष टीम के कप्तान श्रेयांस सिंह (यूपी पुलिस) हैं, जबकि महिला टीम की कप्तानी प्रियंका (यूपी पुलिस) कर रही हैं। उद्घाटन मैच यूपी और बिहार की पुरुष टीम के बीच खेला जा रहा है।

यूपी को 43 साल बाद नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। इससे पहले 1984 में इसका आयोजन हुआ था। उद्घाटन से पहले खिलाड़ियों ने सिगरा स्टेडियम में मार्च पास्ट किया, जहां 'सारे जहां से अच्छा' की देशभक्ति धुन गूंजती रही।

### पैरोल : राम रहीम ...

इसके बाद 17 जनवरी 2019 को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में उम्र कैद हुई। वहीं, डेरा मैनेजर रणजीत सिंह के हत्या मामले में अक्टूबर 2021 में CBI कोर्ट ने उसे उम्र कैद की सजा सुनाई। सजा मिलने के 3 साल बाद राम रहीम को इस मामले में हाईकोर्ट ने बरी कर दिया। अभी राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। यहां से पैरोल और फरलो लेकर वह अब तक 14 बार बाहर आ चुका है। यह 15वां मौका है, जब राम रहीम जेल से बाहर आएगा।

इससे पहले अप्रैल में 21 दिन की पैरोल पर बाहर आया था। जनवरी में, उसे दिल्ली विधानसभा चुनाव से एक हफ्ते पहले 30 दिन की पैरोल पर रिहा किया गया था और वह सिरसा में डेरा के हेडक्वार्टर में रहा था। पहले भी, जब वह जेल से बाहर था, तो वह उत्तर प्रदेश के बागपत में डेरा के आश्रम में रहा था। इससे पहले सिरसा पहुंचने के तुरंत बाद, उन्होंने अपने फॉलोअर्स को एक वीडियो मैसेज जारी किया जिसमें उनसे डेरा अधिकारियों द्वारा जारी किए जाने वाले निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया। हालांकि उन्हें डेरा में अपने फॉलोअर्स को इकट्ठा करने की अनुमति नहीं है, लेकिन वह वर्चुअल कम्युनिकेशन के माध्यम से उनसे बात कर सकते हैं। अगस्त 2017 में, पंचकूला की एक कोर्ट ने सिंह को रेप के दो मामलों में दोषी पाया और उसे 20 साल जेल की सजा सुनाई। कोर्ट ने उसे हर पीड़ित को 15 लाख रुपए का जुर्माना भरने का भी आदेश दिया।

### दिल्ली ब्लास्ट : हर ...

जांच के खुलासे के बाद ही टेलीकम्युनिकेशंस डिपार्टमेंट (DoT) ने पिछले साल 28 नवंबर को निर्देश था कि वॉट्सऐप, टेलीग्राम और सिगनल के लिए एक्टिव सिम कार्ड का नियम लागू किया है। गौरतलब है कि लाल किले के पास कार विस्फोट मामले में 15 लोगों की जान चली गई थी। इसकी जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी कर रही है।

वॉट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स मोबाइल में एक्टिव सिम कार्ड के बिना नहीं चल पाएंगे।

मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स यह तय करें कि एप तभी चलेगा, जब यूजर की रजिस्टर्ड सिम उस मोबाइल में एक्टिव होगी।

'सिम बाइंडिंग' के तहत अगर मोबाइल से सिम निकाल ली जाती है तो वॉट्सएप और बाकी दूसरे मैसेजिंग एप बंद हो जाएंगे।

घोस्ट सिम ऐसी मोबाइल सिम या सिम आईडी को कहा जाता है, जो किसी असली व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर नहीं होती। बल्कि फर्जी/चोरी किए गए दस्तावेजों से एक्टिव कराई जाती है। कई मामलों में यह eSIM या क्लोन की गई सिम भी हो सकती है, जिसका इस्तेमाल असली यूजर की जानकारी के बिना किया जाता है।

इसका इस्तेमाल डिजिटल फ्रॉड (डिजिटल अरेस्ट, OTP फ्रॉड), म्यूल बैंक अकाउंट से लिंक करने के लिए, फर्जी कॉल, धमकी, ठगी और सोशल मीडिया या ऐप्स पर फेक अकाउंट बनाने के लिए किया जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि इन सेकेंडरी डिवाइस के सिम कार्ड ऐसे आम नागरिकों के नाम पर जारी किए गए थे जिनके आधार डिटेल्स का गलत इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि जम्मू और कश्मीर पुलिस ने एक अलग रैकेट का भी पर्दाफाश किया, जहां फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल करके सिम जारी किए गए थे। इसके अलावा सुरक्षा एजेंसियों ने एक और परेशान करने वाला ट्रेंड देखा, जहां ये कॉम्प्रोमाइज्ड सिम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर या पाकिस्तान में सीमा पार मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर एक्टिव थे।

### ओडिशा के ढेंकनाल ...

मरने वालों में से एक बालासोर का और दूसरा मयूरभंज या क्योंझर का हो सकता है। अभी तक पूरी पहचान की पुष्टि नहीं हो पाई है। पट्टा समाप्त होने के बाद भी उन्होंने खनन कार्य जारी रखा। अवैध खनन के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 'बीजेपी वोट चुराने के...

उधर, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बीजेपी और शिवसेना के 32 उम्मीदवारों को निर्विरोध जीतने के बाद शिवसेना (UBT) और MNS ने भी चुनावों में धांधली का आरोप लगाया।

शिवसेना (UBT) के ठाणे प्रमुख केदार दिघे ने कहा कि पूरे राज्य में नगर निगम चुनावों में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए 68 उम्मीदवारों में से, चौंकाने वाले 47 प्रतिशत (32 उम्मीदवार) अकेले ठाणे जिले के हैं।

उन्होंने परिणामों की वैधता पर सवाल उठाते हुए इस घटना को चुनाव इतिहास में बड़ी साजिश बताया। उन्होंने आगे तर्क दिया कि एक भी उम्मीदवार होने पर भी, मतदाताओं को नन ऑफ द अबव (NOTA) विकल्प प्रदान किया जाना चाहिए। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अगर विपक्षी पार्टियां नगर निगम चुनावों में महायुति उम्मीदवारों के निर्विरोध चुनाव को चुनौती देने के लिए कोर्ट जाती हैं, तो भी जनता का फैसला ही माना जाएगा। बीजेपी और उसके महायुति सहयोगियों ने राज्य भर में 15 जनवरी को होने वाले नगर निगम चुनावों में 68 सीटें निर्विरोध जीत ली हैं।

### ग्रोक पर अश्लील ...

X ने भारत सरकार की तरफ से आपत्ति जताए जाने के तीन दिन बाद नए नियम बनाए हैं। केंद्र सरकार ने 2 जनवरी को X से कहा था कि वह AI एप Grok से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानून कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, शिवसेना (UBT) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को AI चैटबोट Grok के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई थी। उन्होंने आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसमें कहा था कि कुछ लोग AI की मदद से महिलाओं की असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मामला है।

### दुनिया में खून-खराबे ...

वर्ष 1948 में मानवाधिकारों की अवधारणा आई, जिसमें मानव प्रतिष्ठा को मूल आधार माना गया, लेकिन व्यवहार में हम आज भी खुद को दूसरों से श्रेष्ठ मानते हैं।

"मैं सही हूं, बाकी सब गलत"—यही सोच हिंसा को जन्म देती है। राम भारत की एकात्मकता का प्रतीक उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति वेदों, उपनिषदों, गीता और रामचरित मानस पर आधारित है, जहां यह सिखाया गया है कि हर शरीर मंदिर है और परमात्मा हर व्यक्ति के हृदय में निवास करता है। प्रभु श्रीराम भारत की एकात्मता के प्रतीक हैं।

## आईसीसी को चिट्ठी लिख सकता है बीसीबी, भारत से मुस्तफिजुर विवाद के बाद फैसला

# बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में संभव

**मांग**

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में भारत में होने वाले अपने मैचों को श्रीलंका में कराने की मांग कर सकता है। इसके लिए बोर्ड इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) को लेटर लिखने की तैयारी में है। यह फैसला बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को IPL 2026 से बाहर किए जाने के बाद लिया गया है।

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। बांग्लादेश को ग्रुप स्टेज के अपने सभी चार मुकाबले भारत में ही खेलने हैं। तीन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर और एक मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में है। BCB ने एक आपात बैठक में फैसला किया कि वह ICC को लेटर लिखकर अपनी चिंताएं बताएगा। बोर्ड के मीडिया कमेटी के अध्यक्ष अमजाद हुसैन ने कहा कि बांग्लादेश के तीन मैच कोलकाता में होने हैं, इसलिए यह मामला ICC के सामने रखना जरूरी है। वहीं, स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नजरुल ने फेसबुक पर लिखा कि वे ICC से मांग करेंगे कि बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में कराए जाएं, क्योंकि जब एक बांग्लादेशी खिलाड़ी भारत में नहीं खेल पा रहा है, तो पूरी टीम की सुरक्षा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि उन्होंने बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय से IPL के प्रसारण को भी रोकने का आग्रह किया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप स्टेज में कुल 20 टीमें शामिल हैं, जिन्हें 4 अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया। हर टीम अपने ग्रुप में 4 लीग मुकाबले खेलेगी। लीग स्टेज के बाद हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमों को सुपर-8 स्टेज में एंट्री मिलेगी।



कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर कर दिया है।

### 20 फरवरी तक चलेगा ग्रुप स्टेज

ग्रुप स्टेज में 7 फरवरी से 19 फरवरी तक हर दिन 3 मैच खेले जाएंगे। 20 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच एक ही मैच होगा। पहले राउंड में 40 मैच होने हैं। 21 फरवरी से सुपर-8 राउंड शुरू हो जाएगा, जिसमें 12 मुकाबले होंगे। यहां 22 फरवरी, 26 फरवरी और 1 मार्च को 2-2 मैच होंगे। वहीं बाकी दिन 1 ही मैच होगा। मुकाबले शुरू होने की टाइमिंग सुबह 11.00, दोपहर 3.00 और शाम 7 बजे रहेगी।

> बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शनिवार को कहा था, हाल के दिनों में जो घटनाक्रम सामने आए हैं, उन्हें देखते हुए बोर्ड ने केकेआर को मुस्तफिजुर को रिलीज करने का निर्देश दिया है। अगर फ्रेंचाइजी किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की मांग करती है, तो उसे इसकी अनुमति दी जाएगी। बांग्लादेश में वहां पिछले 15 दिन में 4 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है। आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी। जबकि लीग का फाइनल मैच 31 मई को खेला जाएगा।

### बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर केकेआर से बाहर

इससे पहले, 3 जनवरी को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने मुस्तफिजुर को टीम से बाहर कर दिया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के बीच उन्हें टीम से हटाने की मांग उठ रही थी। इसके बाद BCCI ने शाहरुख खान की IPL टीम KKR को मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का निर्देश दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

## एशेज-सिडनी टेस्ट के पहले दिन 45 ओवर का ही खेल

नई दिल्ली, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज 2025-26 का पांचवां यानी अंतिम टेस्ट सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। पहले दिन बारिश और खराब रोशनी के कारण सिर्फ 45 ओवर का खेल हो सका।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था। टीम ने पहले दिन स्टंप्स तक 3 विकेट के नुकसान पर 211 रन बना लिए हैं। जो रूट (72) और हैरी ब्रुक (78) नाबाद लौटे। दोनों के बीच नाबाद 154 रन की साझेदारी हो चुकी है। दूसरे दिन का खेल सोमवार को सुबह भारतीय समयनुसार 4:30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था, जोकि सही भी साबित हो रहा है। इंग्लैंड के शुरुआती 3 विकेट जल्दी गिर गए थे। 57 रन के स्कोर पर इंग्लैंड के 3 विकेट गिर गए थे। इसके बाद जो रूट और हैरी ब्रूक ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। पहले दिन इंग्लैंड का स्कोर 211 रन रहा।

रूट और ब्रूक दोनों अर्धशतक लगाकर नाबाद लौटे।

इससे पहले, बेन डकेट 27, जैक क्रॉली 16 और जैकब बेथेल 10 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क, माइकल नेसर और स्कॉट बोलैंड को 1-1 विकेट मिला।

**सिडनी टेस्ट के लिए दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

ऑस्ट्रेलियाः ट्रेविस हेड, जेक वेदराल्ड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, ब्यू वेबस्टर, माइकल नेसर, मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड।

# न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारतीय वनडे टीम का हुआ ऐलान

## गिल कप्तान, श्रेयस और सिराज की वापसी



नई दिल्ली । न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। शनिवार को जारी टीम में कप्तान शुभमन गिल, उप कप्तान श्रेयस अय्यर और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी हुई है। अय्यर BCCI की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही खेल सकेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह बरकरार रखी है। जबकि ईशान किशन को मौका नहीं मिला है। पेसर जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। वनडे सीरीज का पहला मैच 11 जनवरी को बड़ौदा में खेला जाएगा। टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी हुई है। उनके साथ अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा टीम के 3 और फ्रंट लाइन पेसर होंगे। वहीं, नीतीश कुमार रेड्डी, हार्दिक पंड्या की जगह पेस बॉलिंग ऑलराउंडर्स होंगे। पंड्या को भी बुमराह के साथ आराम दिया गया है। साथ ही मोहम्मद शमी को फिर से स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 वनडे की सीरीज 11 से 18 जनवरी तक खेली जाएगी।

### जायसवाल बैकअप ओपनर होंगे

यशस्वी जायसवाल को बैकअप ओपनर बनाया गया है। जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग की थी। उन्होंने तीसरे वनडे में नाबाद 116 रन की पारी खेली थी। श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल करने के लिए ऋतुराज गायकवाड और तिलक वर्मा को टीम से बाहर कर दिया गया। दोनों साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली सीरीज का हिस्सा थे।



## हार्दिक की सेंचुरी, पंत की फिफ्टी, पडिक्कल का 5 मैच में चौथा शतक

# विजय हजारे ट्रॉफी में सैमसन के शतक से केरल जीता

> दिल्ली ने पांच में से चार मैच जीतकर टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। हरियाणा भी 16 अंकों के साथ उसके बराबर पहुंच गया है। हरियाणा ने आज ओडिशा को 4 विकेट से हरा दिया। पार्थ वत्स ने शतक लगाया।

नई दिल्ली । विजय हजारे ट्रॉफी में केरल ने संजू सैमसन के शतक की बदौलत झारखंड को 8 विकेट से हरा दिया। संजू ने 95 गेंदों में 101 रन की पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उन्होंने कप्तान रोहन कुन्नुमल के साथ पहले विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी की। रोहन ने 78 गेंदों पर 124 रन बनाए।

दूसरी ओर, दिल्ली ने कप्तान ऋषभ पंत और प्रियांश आर्या की फिफ्टी की मदद से सर्विसेज को 8 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी चौथी जीत दर्ज की। जयपुर में अर्शदीप सिंह ने 5 विकेट लेकर पंजाब को 10 विकेट से जीत दिलाई। राजकोट में बड़ौदा के लिए हार्दिक पंड्या ने शतक लगाते हुए विदर्भ के सामने 294 रन का लक्ष्य रखा, जवाब में विदर्भ ने एक विकेट खोकर 41.4 ओवर में जीत हासिल कर ली। वहीं अहमदाबाद में कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल का शानदार फॉर्म जारी रहा और उन्होंने पांच मैचों में अपना चौथा शतक जड़ा। ग्रुप A में कर्नाटक टॉप पर बनी हुई है। हालांकि दूसरे स्थान के लिए रास्ते अब खुल गए हैं। मध्य प्रदेश को शनिवार को पुडुचेरी के खिलाफ हार झेलनी पड़ी, जिससे उनकी अजेय बढ़त टूट गई। वहीं झारखंड को केरल से हार मिली। फिलहाल चार जीत के साथ मध्य प्रदेश को बढ़त है। केरल और झारखंड दोनों ने पांच मैचों में तीन-तीन जीत दर्ज की है। उत्तर प्रदेश ने अब तक खेले सभी पांच मैच जीत लिए हैं।

### छत्तीसगढ़ 3 विकेट से जीता

जयपुर में छत्तीसगढ़ ने हिमाचल प्रदेश को 3 विकेट से हरा दिया। टीम ने 320 रन का टारगेट 49.4 ओवर में 7 विकेट खोकर चेज कर लिया। कप्तान अमनदीप खरे और आयुष पांडे ने फिफ्टी लगाई।

### सैमसन का शतक, केरल जीत के करीब

केरल के संजू सैमसन ने 93 गेंदों में शतक लगा दिया। झारखंड के खिलाफ 312 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केरल ने मुकाबले को एकतरफा बना दिया है और टीम 32 ओवर में 1 विकेट पर 244 रन बना चुकी है। सैमसन ने कप्तान रोहन कुन्नुम्मल के साथ पहले विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी की। रोहन 78 बॉल पर 124 रन बनाकर आउट हुए। वहीं संजू सैमसन ने 95 बॉल पर 101 रन बनाए।

**मनोरंजन**

# नूपुर सेनन ने की बॉयफ्रेंड स्टेबिन से सगाई

## भावुक होकर बहन कृति बोलीं- मैं बहुत रोने वाली हूं, 11 जनवरी को उदयपुर में होगी शादी



नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन और सिंगर-एक्ट्रेस नुपूर सेनन ने शनिवार को बॉयफ्रेंड स्टेबिन से सगाई की घोषणा कर दी है। नुपूर ने खूबसूरत तस्वीरों के साथ सगाई की अनाउंसमेंट की है, जिसके बाद कृति सेनन ने भावुक पोस्ट शेयर की है।

कृति ने नुपूर और स्टेबिन की तस्वीर शेयर कर लिखा है, 'आह, मैं बहुत ज्यादा रोने वाली हूं।'

नुपूर सेनन ने शनिवार को ऑफिशियल इंस्टाग्राम से सगाई की तस्वीरें पोस्ट की थीं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, शायदों से भरी इस दुनिया में, मैंने अब तक का सबसे आसान 'हां' ढूंढ लिया। बता दें कि साल 2024 में, स्टेबिन बेन ने नुपूर के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था- 'मेरा और नुपूर का रिश्ता बहुत ही शानदार है। हम एक-दूसरे के बहुत करीब हैं। मैंने उसके साथ काफी समय बिताया है और मुझे नहीं लगता कि मेरा किसी और के साथ ऐसा रिश्ता है।' नुपूर की वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2019 में बी प्राक के म्यूजिक वीडियो 'फिलहाल' से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था। इसमें उनके अपोजिट अक्षय कुमार नजर आए थे। उसके बाद 2021 में दोनों का साथ में फिलहाल 2: मोहब्बत एलबम आया था। बड़े पर्दे पर नुपूर ने तेलुगु फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' से डेब्यू किया। उसी साल हॉटस्टार पर उनका शो 'पॉप कौन?' भी रिलीज हुआ था।








> साल 2026 में नुपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म 'नूरानी चेहरा' से अपना डेब्यू करने वाली हैं। वहीं, स्टेबिन म्यूजिक इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं। म्यूजिक फील्ड में वो साल 2018 से एक्टिव हैं। उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी गाने गाए हैं।

### 11 जनवरी को उदयपुर में होगी नुपूर-स्टेबिन की शादी

सिंगर स्टेबिन बेन और एक्ट्रेस नुपूर सेनन की शादी 11 जनवरी को उदयपुर में होगी। शादी को प्राइवेट लेकिन भव्य समारोह के तरह आयोजित किया जाएगा, जिसमें दोनों के करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य ही शामिल होंगे। वहीं, फिल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री से भी चुनिंदा नाम ही शादी में हिस्सा लेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, नुपूर और स्टेबिन शादी को निजी रखना चाहते हैं। यह शादी इंडस्ट्री गैदरिंग के बजाए परिवार और पुराने दोस्तों के बीच होगी। सेलिब्रेशन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। उदयपुर में होने वाली इस शादी में नुपूर की बहन और एक्ट्रेस कृति सेनन के करीबी, जो फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं, उनके शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि इंडस्ट्री के लोगों के लिए मुंबई में रिसेप्शन पार्टी दी जाएगी, जो 13 जनवरी को होने वाला है।

## कल्ट फिल्म नायक का सीक्वल बना सकते हैं अनिल कपूर

नई दिल्ली, एजेंसी

साल 2001 में रिलीज हुई अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और अमरीष पुरी स्टारर फिल्म नायक सुपरहिट रही थी। फिल्म आज भी भारत की कल्ट फिल्मों में गिनी जाती है। अब फिल्म रिलीज के 25 साल बाद अनिल कपूर जल्द ही इसका सीक्वल ला सकते हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म के प्रोड्यूसर ए.एम.रत्नम से फिल्म के राइट्स खरीद लिए हैं।

हाल ही में आई बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि सनम तेरी कसम जैसी हिट फिल्म बना चुके प्रोड्यूसर दीपक मुकुट के पास साल 2001 में आई फिल्म नायक के राइट्स थे। लेकिन हाल ही में अनिल कपूर ने उनसे फिल्म नायक के राइट्स खरीद लिए हैं। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि फिल्म नायक अनिल कपूर के दिल के बेहद करीब है, इसलिए वो इसके राइट्स अपने पास रखना चाहते हैं। वो इस फिल्म का सीक्वल भी बनाना चाहते हैं। उन्हें अच्छी तरह पता है कि सालों में इस फिल्म को दर्शकों से कितना प्यार मिला है और उनका मानना है कि नायक के सब्जेक्ट में सीक्वल की संभावनाएं हैं।

फिल्म नायक साल 2001 की हिट फिल्म थी, जिसमें अनिल कपूर, रानी मुखर्जी, पूजा बत्रा, अमरीश पुरी, परेश रावल अहम किरदारों में थे। फिल्म का निर्देशन शंकर ने किया था। ये शंकर की ही साउथ फिल्म मधुवलन (1999) की हिंदी रीमेक थी। नायक, डायरेक्टर शंकर के निर्देशन में बनी इकलौती हिंदी फिल्म है।




**रिलीज के 25 साल बाद प्रोड्यूसर से खरीदे फिल्म के राइट्स, जल्द शुरू कर सकते हैं काम**

## अरबाज खान, मलाइका समेत कई सेलेब्स ने दीं शुभकामनाएं

# सलमान खान के भांजे ने की गर्लफ्रेंड से सगाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सलमान खान के भांजे अयान अग्निहोत्री ने शनिवार को लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड टीना रिझवानी से सगाई कर ली है। अयान ने तस्वीरें शेयर कर इसकी आधिकारिक तौर पर घोषणा की है।

अयान ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की तस्वीरें शेयर कर लिखा है, 2025 में गर्लफ्रेंड को पीछे छोड़ रहा हूं। इसके साथ उन्होंने अंगूठी का इमोजी शेयर किया है।

सगाई की तस्वीरें सामने आने के बाद से ही कई बॉलीवुड सेलेब्स अयान और टीना को बधाई दे रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा है, ओह माय गॉड मुझे यकीन नहीं हो रहा। अरबाज खान ने भी भांजे की पोस्ट पर लिखा, मुबारक हो।मलाइका अरोड़ा ने भी पूर्व पति अरबाज खान के भांजे की पोस्ट में लिखा है, यानी टीना।

वहीं अरबाज खान की पत्नी शूरा ने भी अयान की पोस्ट पर कमेंट कर लिखा है, ये, मुबारक हो। इनके अलावा अयान की बहन अलिजेह अग्निहोत्री, सुनील ग्रोवर, एक्टर पुलकित सम्राट ने भी अयान की पोस्ट पर मुबारकबाद दी है।

अयान, सलमान खान की बहन अलविरा अग्निहोत्री और एक्टर-प्रोड्यूसर अतुल अग्निहोत्री के बड़े बेटे हैं। एक्ट्रेस अलिजेह अग्निहोत्री, अयान की छोटी बहन हैं, जिन्होंने हाल ही में फर्रे से बॉलीवुड डेब्यू किया है।





## माता की चौकी में भावुक हुईं एक्ट्रेस सुधा चंद्रन

### भजन गाया फिर जोर-जोर से हंसने लगीं

नई दिल्ली, एजेंसी

एक्ट्रेस और क्लासिकल डांसर सुधा चंद्रन ने हाल ही में अपने घर में माता की चौकी रखी थी। अब चौकी से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो भक्ति में लीन नजर आई हैं। कहीं एक्ट्रेस होश खोती दिखीं, तो कभी वो जोर-जोर से हंसती नजर आई हैं। इस दौरान उनके परिवार के लोग उन्हें संभालते दिखे। शनिवार को सुधा चंद्रन ने माता की चौकी रखी, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री से सीनियर एक्टर किरण कुमार, समेत कई टीवी कलाकार भी मौजूद थे। चौकी के दौरान सुधा ने माइक पर भजन गाए और क्लासिकल डांस भी किया। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड के सोशल मीडिया पेज से माता की चौकी का एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें एक्ट्रेस सुधा चंद्रन भक्ति में लीन दिखीं। कुछ देर वो खड़ी-खड़ी होश खोती नजर आईं। परिवार के सदस्यों ने उन्हें कुर्सी पर बैठाया, जिसके बाद वहां मौजूद पति रवि दांग उन पर फूल बरसाने लगे।

सुधा का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वो जोर-जोर से हंसती नजर आ रही हैं। इस दौरान टीवी शो अनुपमा एक्ट्रेस जसवीर कौर, सुधा को थामी नजर आईं।

बता दें कि सुधा चंद्रन पॉपुलर एक्ट्रेस और भरतनाट्यम डांसर हैं। उन्हें टीवी शो कहीं किसी रोज में रमोला सिकंदर का किरदार निभाने से देशभर में पहचान मिली थी।



## राष्ट्रपति भवन की डमी बनाकर रिहर्सल, सीआईए एजेंट भेजे, मादुरो को पकड़ने की पूरी डिटेल

# अमेरिका ने मादुरो के कुत्ते और बिल्ली तक की जासूसी कराई

**दावा**

**कराकस, एजेंसी**

अमेरिका की सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (CIA) की एक सीक्रेट टीम वेनेजुएला में पहचान बदलकर दाखिल हुई। इस टीम में अनुभवी एजेंट शामिल थे। इनका मिशन था मादुरो की हर हरकत पर नजर रखना। उससे जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी जुटाना। वे बिना किसी की नजर में आए महीनों तक कराकास की गलियों में छिपकर रहे।

वे मादुरो के रोजाना के रूटीन को ट्रैक करते। जैसे वे सुबह कहां जाते, क्या खाते, किससे मिलते, यहां तक कि उनके पालतू जानवरों की आदतें भी नोट की जातीं। अमेरिका का एक करीबी इनसाइडर जो मादुरो के सर्कल में था, उसने ऑपरेशन के लिए कई खास टिप्स दिए। ऊपर आसमान में कई अमेरिकी स्टेल्थ ड्रोन उड़ते रहते, जो बिना पता चले वीडियो और फोटो भेजते। NYT की रिपोर्ट के मुताबिक यह सब इतना खतरनाक था कि अगर पकड़े जाते, तो मौत निश्चित थी।



न्यूयॉर्क के स्टुअर्ट एयर नेशनल गार्ड बेस पर मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस साथ दिखे।

### ड्रग तस्करी को लेकर मादुरो से नाराज थे ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने निकोलस मादुरो को 2020 से एक नार्को-टेररिस्ट घोषित कर रखा था। मादुरो पर आरोप थे कि वह ड्रग तस्करी में शामिल हैं, कोकेन को अमेरिका पहुंचाने में मदद करते हैं।

ट्रम्प की नजर में यह सिर्फ ड्रग्स की बात नहीं थी। यह वेनेजुएला की तेल संपदा और राजनीतिक नियंत्रण का खेल था। महीनों से अमेरिका ने मादुरो के खिलाफ योजना बना रखी थी, और अब वह एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रहे थे।

### अमेरिका ने मादुरो के ठिकाने की जानकारी जुटाई

डेल्टा फोर्स जानती थी कि तनाव और जंग जैसे हालात के कारण मादुरो किसी एक जगह पर नहीं रहते। वे 6 से 8 जगहों पर बारी-बारी से रह रहे थे। अमेरिका को देर शाम तक यह पता नहीं चल पाता था कि वह कहां रुकने वाले हैं। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए, अमेरिकी सेना को इस बात की जानकारी होना जरूरी था कि मादुरो उसी परिसर में मौजूद रहे जिस पर वे हमला करने वाले हैं। इसलिए, सटीक टाइमिंग जरूरी थी।



ट्रम्प और अन्य अमेरिकी अधिकारी वेनेजुएला पर हुए हमलों और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी की गिरफ्तारी को होते हुए देखते नजर आ रहे हैं।

### मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिका ने फुलप्रूफ प्लान बनाया

मादुरो को पकड़ने की जिम्मेदारी अमेरिका के सबसे खतरनाक और स्पेशल यूनिट डेल्टा फोर्स को सौंपा गया। अमेरिका के केंटकी शहर में जॉइंट स्पेशल ऑपरेशंस कमांड ने मादुरो के कंपाउंड यानी राष्ट्रपति भवन का फुल-स्केल मॉडल बनाया और हमले की प्रेक्टिस की। इस मिशन को नाम दिया गया 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' (पूरी तरह से समस्या का हल)। कमांडो दिन-रात प्रैक्टिस करते। स्टील के दरवाजे तोड़ने की स्पीड बढ़ाते, अंधेरे में नेविगेट करना सीखते, और हर संभावित खतरे का सामना करने की तैयारी करते।

# 'दंगाईयों को उनकी जगह दिखाओ'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का बयान सामने आया है। खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों को धमकी दी है और सुरक्षाबलों को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। खामेनेई ने कहा कि जो दंगाई हैं, उन्हें उनकी जगह दिखाई जाए। खामेनेई का बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान में आर्थिक संकट को लेकर बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी हैं। इन विरोध प्रदर्शनों में 15 लोगों की मौत हो चुकी है। खामेनेई के इस बयान को ईरान के सुरक्षा बलों के लिए खुली छूट माना जा रहा है और अब वे प्रदर्शनकारियों पर और सख्ती बढ़ा सकते हैं। ईरान के राष्ट्रीय टीवी पर सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का बयान जारी किया गया। इस बयान में खामेनेई ने कहा, 'हम प्रदर्शनकारियों से बात कर रहे हैं, अधिकारियों को भी प्रदर्शनकारियों से बात करनी चाहिए, लेकिन बात करने से कोई फायदा नहीं होगा। दंगाइयों को उनकी जगह पर पहुंचा देना चाहिए।' खामेनेई ने विरोध प्रदर्शन के पीछे विदेशी ताकतों के हाथ होने का दावा किया। उन्होंने कहा, 'दुश्मनों द्वारा खरीदे गए कुछ लोग इस विरोध प्रदर्शन के पीछे हैं, जो दुकानदारों और प्रदर्शनकारी लोगों के पीछे से ईरान, ईरानी गणतंत्र और इस्लाम के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।'



- विरोध प्रदर्शन के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की धमकी

**फास्ट न्यूज**

### पाकिस्तान में इमरान खान के समर्थकों को आजीवन कारावास की सजा

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इस समय जेल में बंद हैं। वहीं पाकिस्तान की अदालत ने इमरान खान के सात समर्थकों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पूर्व पाकिस्तानी पीएम के समर्थकों को देश में हिंसक प्रदर्शन करने के लिए ये सजा दी गई है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक इन सात लोगों में एक यूट्यूब पत्रकार और आर्मी अफसर भी शामिल हैं।

### म्यांमार में हजारों कैदी हुए रिहा

बैंकाक । म्यांमार की सैन्य शासन ने रविवार को ब्रिटेन से देश की आजादी की 78वीं सालगिरह के मौके पर 6,100 से ज्यादा कैदियों को माफ कर दिया है। इसके साथ ही अन्य कैदियों की सजा में भी कटौती की गई है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि रिहा किए गए लोगों में सैन्य शासन का विरोध करने के लिए जेल में बंद हजारों राजनीतिक कैदी शामिल हैं या नहीं।

यह माफी ऐसे समय में दी गई है जब सैन्य सरकार एक महीने लंबी चुनाव प्रक्रिया चला रही है। आलोचकों का मानना है कि यह कवायद मौजूदा स्थिति को वैधता देने का महज एक दिखावा है।

### 'आजादी का वक्त आ गया'

काराकास । वेनेजुएला की राजनीति में बड़ा भूचाल आ गया है। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को अमेरिका द्वारा पकड़े जाने के बाद देश की प्रमुख विपक्षी नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो ने इसे वेनेजुएला के लिए आजादी का क्षण बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में मचाडो ने कहा वेनेजुएलावासियों, आजादी का वक्त आ गया है।

# 12 महीने में 18 हजार करोड़ का चंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल को 1 साल पूरा होने वाला है। 20 जनवरी 2025 को ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। ट्रंप का दूसरा कार्यकाल लगातार सूर्खियों में है। टैरिफ से लेकर वीजा नीति, अवैध प्रवासी और सीजफायर जैसे कई मुद्दों को लेकर ट्रंप चर्चा में बने हुए हैं। मगर, अब ट्रंप को लेकर कुछ चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति होने से पहले ट्रंप जाने-माने बिजनेसमैन हैं और उनका पूरा परिवार किसी न किसी बड़े बिजनेस का हिस्सा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने पिछले 1 साल में कई देशों के साथ बड़ी डील्स की हैं, जिसका सीधा असर ट्रंप के कारोबार पर भी देखने को मिला है।

रियल एस्टेट से लेकर क्रिप्टो करेंसी, एआई, डिफेंस, वित्त निवेश कंपनियों और तकनीकी के क्षेत्र में ट्रंप और उनके परिवार का कारोबार फैल हुआ है। बतौर राष्ट्रपति ट्रंप अक्सर इन्हीं क्षेत्रों को समर्थन देते दिखाई देते हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले 1 साल के कार्यकाल में ट्रंप की टीम ने 2 अरब डॉलर (लगभग 18 हजार करोड़ रुपये) का चंदा लिया है।

चंदा देने वालों में से 100 लोगों ने ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में डिनर किया और ट्रंप के साथ विदेश यात्राएं भी कीं।



- ट्रंप को खुश करने के लिए इन देशों ने दिल खोलकर लुटाया खजाना

## 150 विमानों के साथ ऑपरेशन चलाकर राष्ट्रपति मादुरो को पकड़ा, प्लेन से न्यूयॉर्क लाया गया

# वेनेजुएला पर अब अमेरिका का कब्जा

**कराकस, एजेंसी**

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अब वेनेजुएला पर अमेरिका का कब्जा है। उन्होंने कहा कि जब तक वहां हालात ठीक नहीं हो जाते, वेनेजुएला को अमेरिका ही चलाएगा।

ट्रम्प ने अमेरिकी सैनिकों की तारीफ कर कहा कि ऐसी बहादुरी दुनिया का कोई और देश नहीं दिखा सकता। वहीं अमेरिका के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने बताया कि मादुरो को पकड़ने के ऑपरेशन में 150 से ज्यादा प्लेन शामिल थे।

इससे पहले अमेरिका ने बीती रात करीब 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 11:30 बजे) वेनेजुएला के 4 शहरों पर एकसाथ हमला किया था। इस दौरान राष्ट्रपति निकोलस मादुरो एक मिलिट्री बेस में सो रहे थे।



वेनेजुएला में शनिवार को 7 धमाके हुए। धमाकों की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई।

CNN ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने मादुरो और उनकी पत्नी को बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला और अपने कब्जे में ले लिया। मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया एडेला को अमेरिकी सैनिक न्यूयॉर्क लाया गया है।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि वे लोकतंत्र की ओर संक्रमण के बारे में अमेरिका से बातचीत जारी रखेंगे। उन्होंने X पर लिखा- हम मादुरो को एक अवैध राष्ट्रपति मानते थे और उनके शासन के अंत पर हमें कोई दुख नहीं हुआ।

### वेनेजुएला में इमरजेंसी लागू

अमेरिकी हमले के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो ने बयान जारी कर कहा था कि वे जवाब देंगे। उन्होंने देशभर में इमरजेंसी लगाने का ऐलान किया था। उनके बयान जारी करने के 1 घंटे बाद ट्रम्प ने उन्हें पकड़ने का ऐलान किया।

### ट्रम्प बोले- अमेरिकी ऑपरेशन में कई क्यूबाई नागरिक मारे गए

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा- वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के अमेरिकी अभियान के दौरान कई क्यूबाई नागरिक मारे गए।

ट्रम्प के मुताबिक- क्यूबाई नागरिक मादुरो की रक्षा कर रहे थे और यह उनकी गलत रणनीति थी। मरने वालों की सही संख्या उन्हें पता नहीं है।



> वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को लेकर आया विमान न्यूयॉर्क के स्टुअर्ट एयर नेशनल गार्ड बेस पर उतर गया है। उनके अगले हफ्ते मैनहैटन की अदालत में पेशी होने की संभावना है।

## वेनेजुएला मामले पर भारत की प्रतिक्रिया, स्थिति पर चिंता व्यक्त की

# ये गहरी चिंता की बात हालात पर हमारी बारीक नजर : भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी सरकार ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरिस को गिरफ्तार कर लिया। अमेरिका के इस कदम से पूरी दुनिया में अफरा-तफरी का माहौल है। कुछ देश अमेरिका का समर्थन कर रहे हैं, तो कई देश शांति की गुहार लगा रहे हैं। इसी बीच भारत ने भी इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा, ¥वेनेजुएला में जो कुछ हो रहा है, वो चिंता का विषय है। हमने बारीकी से इस पूरी स्थिति पर नजर बना रखी है। बता दें कि अमेरिकी सरकार ने बीते दिन वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो समेत उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों पर अमेरिका में ड्रग्स और हथियारों की अवैध तस्करी को बढ़ावा देने का आरोप है। नार्को-टेरर के तहत दोनों पर केस दर्ज किया गया है। वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति रहीं डेल्सी रेड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया है। वेनेजुएला में स्थिति सामान्य होने तक 56 वर्षीय रोड्रिग्ज ही राष्ट्रपति का पदभार संभालेंगी।



### भारतीयों से की अपील

विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों से अपील की है कि बिना किसी जरूरी काम के वेनेजुएला की यात्रा करने से बचें।

> भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, "हम दोनों पक्षों से शांति की अपील करते हैं, जिससे क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। बातचीत के माध्यम से विवाद का हल निकालना बेहतर होगा। काराकास स्थित भारतीय दूतावास वेनेजुएला में रहने वाले भारतीयों के संपर्क में है। हम उन्हें हर संभव मदद दे रहे हैं।"

# रूसी जहाज पर न्यूक्लियर रिएक्टर में हुआ विस्फोट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भूमध्य सागर में स्पेन के कार्टाजेना से करीब 60 नॉटिकल मील दूर रूसी जहाज पर एक बड़ा हादसा हुआ था। यह हादसा 23 दिसंबर 2024 को हुआ था, जिसमें विस्फोट के बाद रूसी जहाज समुद्र में डूब गया था। इस हादसे को रूस ने अमेरिका की साजिश बताया था, लेकिन अब करीब एक साल बाद इस मामले में एक हैरान कर देने वाली रिपोर्ट सामने आई है।

स्पेनिश अखबार ला वर्डाड (La Verdad) की जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा किया गया है, जो कि दिसंबर 2025 में प्रकाशित हुई। इस रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी जहाज में दो VM-4SG न्यूक्लियर रिएक्टर के केसिंग (हाउसिंग) छिपे हुए थे, जो उत्तर कोरिया जा रहे थे।

रूस ने बताया था कि इस जहाज पर केवल आइसब्रेकर के पार्ट्स, पोर्ट क्रेन और खाली कंटेनर थे। लेकिन जांच रिपोर्ट में पता चला कि दो बड़े नीले रंग के कंटेनर भी जहाज पर थे। हवाई फोटो और क्रू से पूछताछ से पता चला कि जहाज पर VM-4SG न्यूक्लियर रिएक्टर के केसिंग और संबंधित पार्ट्स थे। VM-4SG सोवियत युग का अपग्रेडेड न्यूक्लियर रिएक्टर है, जो प्रोजेक्ट 667BDRM डेल्टा IV SSBN सबमरीन में इस्तेमाल होता है। रूस ने इसे अमेरिका का हमला बताया था। दिसंबर 2024 में रूसी जहाज पर एक के बाद एक तीन विस्फोट हुए. जिसके बाद ये जहाज समुद्र में डूब गया। इस हादसे में 16 क्रू मेंबर्स में से 14 बचा लिए गए, वहीं 2 क्रू मेंबर्स के बारे में कोई जानकारी हाथ नहीं लगी। जहाज के हल में 50 सेमी x 50 सेमी का एक छेद मिला, जिसके किनारे अंदर की ओर मुड़े हुए थे।



- रूसी जहाज में उत्तर कोरिया के लिए परमाणु रिएक्टर केसिंग थे।
- दिसंबर 2024 में भूमध्य सागर में जहाज विस्फोट से डूबा था।
- स्पेनिश रिपोर्ट ने अमेरिकी साजिश के दावों पर सवाल उठाए।

## निवेश : 6 जनवरी को खुलेगा इश्यू, 1000 करोड़ जुटाएगी कंपनी, इसमें निवेश का तरीका और रिस्क

# अडाणी के बॉन्ड में 8.90% तक ब्याज

**मुंबई, एजेंसी**

अगर आप बैंक FD से ज्यादा रिटर्न चाहते हैं, तो अडाणी ग्रुप के पब्लिक बॉन्ड इश्यू यानी NCD में निवेश कर सकते हैं। अडाणी ग्रुप की मुख्य कंपनी 'अडाणी एंटरप्राइ-जेज' का यह इश्यू 6 जनवरी को खुलेगा। इसमें 19 जनवरी तक निवेश कर पाएंगे।

डीमैट अकाउंट जरूरी: आपके पास एक एक्टिव डीमैट अकाउंट होना चाहिए। आप जीरोधा या अपस्टॉक्स जैसे ब्रोकर एप्स के 'NCD/Bonds' सेक्शन में जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

पहले आओ-पहले पाओ: यह इश्यू 'फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व' बेसिस पर है। यानी अगर 19 जनवरी से पहले ही कोटा भर गया, तो यह जल्दी बंद हो जाएगा।





ग्रीन शू ऑप्शन: इस इश्यू का बेस साइज 500 करोड़ रुपए है। इसमें ओवर-सब्सक्रिप्शन होने पर 500 करोड़ रुपए अतिरिक्त (ग्रीन शू ऑप्शन) रखने का विकल्प शामिल है।

ज्यादा रिटर्न: फिलहाल बड़े सरकारी बैंकों में 5 साल की FD पर 7% से 7.50% ब्याज मिल रहा है, जबकि यहां आपको 8.90% तक का मौका मिल रहा है।

हाई रेटिंग (AA-): CARE और ICRA जैसी एजेंसियों ने इसे AA- रेटिंग दी है। इसका मतलब है कि आपका पैसा डूबने का खतरा कम है और कंपनी समय पर ब्याज देने में सक्षम है। सिक्योर्ड बॉन्ड: ये 'सिक्योर्ड' NCD हैं। यानी अगर कंपनी को कुछ होता है, तो कंपनी की संपत्तियों को बेचकर सबसे पहले बॉन्ड होल्डर्स का पैसा चुकाया जाएगा।

### मिनिमम 10 हजार रुपए जरूरी 2 से 5 साल तक के विकल्प

NCD में निवेश करने के लिए कम से कम 10,000 रुपए लगाने होंगे। इसके बाद 1,000 रुपए के मल्टीपल में निवेश बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने निवेशकों के लिए 24 महीने (2 साल), 36 महीने (3 साल) और 60 महीने (5 साल) के तीन टेन्योर (समय सीमा) तय किए हैं। इसमें ब्याज भुगतान के लिए तिमाही, सालाना और क्यूम्युलेटिव (मैच्योरिटी पर एक साथ) जैसे 8 अलग-अलग सीरीज के विकल्प मिलेंगे। इन बॉन्ड्स से मिलने वाला ब्याज आपकी इनकम में जोड़ा जाएगा और आपके टैक्स स्लैब के हिसाब से उस पर टैक्स लगेगा।

> रिटेल निवेशकों यानी, आम लोगों के लिए अच्छी बात यह है कि कुल इश्यू का 35% हिस्सा उनके लिए रिजर्व रखा गया है। यह कंपनी का तीसरा पब्लिक बॉन्ड इश्यू है, इससे पहले 2024 और 2025 के इश्यू को निवेशकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।

# ईवी बैटरियों पर 21 अंकों का यूनिक नंबर लगेगा

### क्वालिटी और असली लाइफ चेक करना आसान होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) की बैटरियों की पहचान और उनकी ट्रैकिंग के लिए एक नया सिस्टम तैयार किया है। सरकार ने प्रस्ताव दिया है कि देश में हर EV बैटरी का अपना एक यूनिक आइडेंटिफि-केशन नंबर होगा। जिसे 'बैटरी पैक आधार नंबर' (BPAN) कहा जाएगा।

यह नंबर 21 अंकों का होगा, जिससे बैटरी के बनने से लेकर उसके खराब होने या रिसाइकिल होने तक की पूरी जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी।

मिनिस्ट्री की जारी ड्राफ्ट गाइड-लाइंस के अनुसार, बैटरी बनाने वाली कंपनियों और इन्हें इंपोर्ट करने वालों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे हर बैटरी पैक को एक 21-कैरेक्टर का BPAN असाइन करें। यह नियम न केवल बाजार में बेची जाने वाली बैटरियों पर, बल्कि कंपनियों के खुद के इस्तेमाल के लिए बनाई गई बैटरियों पर भी लागू होगा। गाइडलाइंस के अनुसार, BPAN को बैटरी पैक पर ऐसी जगह लगाया जाना चाहिए, जो आसानी से दिखाई दे। कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नंबर की लोकेशन ऐसी हो कि वह खराब न हो या उसे मिटाया न जा सके।

इसके अलावा, कंपनियों को बैटरी का रीयल-टाइम डेटा भी BPAN के ऑफिशियल पोर्टल पर अपलोड करना होगा।



**तमसा संकेत**

tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**

**मो0- 9415799533**

**R.N.I. NO. 64107/96**